**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

लखनऊ से प्रकाशित

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्ष: 14 अंक: 60 लखनऊ, शनिवार 12 अक्टूबर 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## जेपीनड्डा ने कर दिया बड़ा दावा, बोले– महाराष्ट्र और झारखंड चुनावों में भी जीत हासिल करेगी बीजेपी

एजेंसी।

हरियाणा नड्डा ने कहा कि आज मुझे शारदीय नवरात्रों में नवमी के दिन मां नैना देवी का आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हम सब लोग माता के आशीर्वाद से प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने में अपनी पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे। हरियाणा में जीत से गदगद भाजपा ने दावा किया है कि महाराष्ट्र और झारखंड में भी आगामी विधानसभा चुनावों में वह जीत हासिल करेगी। दरअसल, यह दावा किया और ने नहीं, बल्कि खुद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया



है। बिलासपुर में श्री नैना देवी मंदिर में मत्था टेकने और कंजक पूजन करने वाले नड्डा ने कहा कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा सरकार के प्रदर्शन से खुश हैं। नड्डा ने कहा कि आज मुझे शारदीय नवरात्रों में नवमी के दिन मां नैना देवी का आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हम सब लोग माता के आशीर्वाद से प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने में अपनी पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि पार्टी महाराष्ट्र और झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों में भी जीत हासिल करेगी। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा में एक भ्रम पैदा किया गया है। जमीनी हकीकत कुछ और थी लेकिन माहौल कुछ और ही बना और आखिरकार बीजेपी चुनाव जीत गई और जम्मू–कश्मीर में वोट शेयर बढ़ गया।

## 2019 कुंभ के भी रिकार्ड तोड़ेगा महाकुंभ 2025, पूरी दुनिया के लिए बनेगी मिसाल

संवाददाता।

लखनऊ महाकुंभ–2025 को भव्य और दिव्य बनाने के साथ ही योगी सरकार दुनिया के सबसे बड़े आयोजन को पूरी दुनिया के सामने मिसाल के रूप में भी प्रस्तुत करने जा रही है। करीब दो माह तक चलने वाले इस बड़े आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के साथ ही इस बार कुंभ 2019 की तर्ज पर कई बड़े वर्ल्ड रिकॉर्ड्स भी स्थापित किए जाएंगे। ये रिकॉर्ड्स कुंभ 2019 में बनाए गए रिकॉर्ड्स में सुधार करेंगे और सार्वजनिक गतिविधियों में जनभागीदारी की भावना को प्रोत्साहित करेंगे। 2019 में जहां इन गतिविधियों पर योगी सरकार ने 3.5 करोड़ रुपए खर्च किए थे तो वहीं इस बार 5 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। इन रिकॉर्ड्स के जरिए योगी सरकार पूरी दुनिया को ग्रीन एवं स्वच्छ महाकुंभ का संदेश भी देगी। योगी सरकार ने महाकुंभ–2025 के पावन अवसर पर आम लोगों की सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक पैमाने पर तैयारियां की हैं। इसी क्रम में जनसहभागिता के माध्यम से चार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड भी स्थापित किए जाने की योजना है। इन सभी गतिविधियों को वर्ल्ड रिकॉर्ड के रूप में स्थापित करने के लिए योगी



सरकार की ओर से कुल 4.87 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। इसमें गतिविधियों के प्रबंधन पर सवा दो करोड़ रुपए खर्च होंगे, जबकि अन्य विकास कार्यों पर भी 1.62 करोड़ रुपए का खर्च किया जाएगा। इससे पूर्व 2019 कुंभ में भी कई बड़े वर्ल्ड रिकॉर्ड्स स्थापित किए गए थे, जिन पर योगी सरकार ने 3.53 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि खर्च की थी। इस तरह महाकुंभ 2025 में विभिन्न रिकॉर्ड्स के लिए आयोजित होने वाली गतिविधियों में 1.25 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की जाएगी।कुंभ 2019 में योगी सरकार द्वारा सर्वाधिक हैण्डप्रिंट प्रिंटिंग का रिकॉर्ड्स स्थापित किया गया था।

## पटाखों के जखीरे में विस्फोट से आतिशबाज की मौत, दो अन्य घायल

एजेंसी।

प्रतापगढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि मलबे में दबकर मुख्तार, उसकी बहू शबनम एवं बेटी शबनम बानो गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि तीनों को मेडिकल कालेज ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मुख्तार को मृत घोषित किया। प्रतापगढ़ जिले में नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के जिरियामऊ में पटाखे के जखीरे में विस्फोट होने से एक मकान की दूसरी एवं तीसरी मंजिल ढह गईं और उसके मलबे में दबकर एक व्यक्ति




की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह ने शुक्रवार को बताया कि कटरा मेदनीगंज का निवासी मुख्तार अहमद (55) लाइसेंसी आतिशबाज है और वह जिरियामऊ गांव में तीन मंजिला मकान बनाकर वहां सपरिवार रह रहा था। सिंह के अनुसार दशहरा एवं दीपावली के मद्देनजर मुख्तार ने घर की ऊपरी मंजिल पर पटाखा जमा कर रखा था, जहां बीती रात जोरदार विस्फोट होने के बाद गैस सिलेंडर भी फट गया एवं मकान की ऊपरी दो मंजिलें ढह गईं।थाना प्रभारी ने बताया कि मलबे में दबकर मुख्तार, उसकी बहू शबनम एवं बेटी शबनम बानो गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि तीनों को मेडिकल कालेज ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मुख्तार को मृत घोषित किया। उनके अनुसार दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल ले जाने की सलाह दी गयी। सिंह का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दिल्ली में सीएम हाउस पर सियासत का हुआ अंत! आतिशी को आवंटित किया गया बंगला, सीएम ने सौंपी चाबी

एजेंसी।

दिल्ली केजरीवाल ने मुख्यमंत्री आवास 4 अक्टूबर को खाली किया था। आतिशी इस आवास में 7 अक्टूबर को शिफ्ट हुई थीं। लेकिन 8 अक्टूबर को दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बड़ा आरोप लगा दिया।में मुख्यमंत्री आवास को लेकर सियासत का अंत होता दिखाई दे रहा है। आज आधिकारिक तौर पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को 6, फ्लैगस्टाफ रोड पर सिविल लाइंस आवास आवंटित किया है। लोक निर्माण विभाग के उप सचिव (आवंटन) के एक आधिकारिक आदेश में कहा कि आबंटन निदेशक, लोक निर्माण विभाग, एनसीटी दिल्ली सरकार की माननीय मुख्यमंत्री सुश्री आतिशी को निम्नलिखित लोक निर्माण विभाग जनरल पूल बंगले




की पेशकश करते हुए प्रसन्न हैं। पत्र में आगे कहा गया है कि मुख्यमंत्री को अधिसूचना जारी होने के आठ दिनों के भीतर बंगले की स्वीकृति जमा करनी होगी, वहीं आतिशी को आधिकारिक आवास पर कब्जा करने के 15 दिनों के भीतर वह आवास खाली करना होगा जिसमें वह वर्तमान में रह रही हैं। इससे पहले शुक्रवार को, आम आदमी पार्टी (आप) ने तस्वीरें साझा कीं, जिसमें आतिशी अपने कालकाजी आवास पर अपने सामान के पैक डिब्बों से घिरी हुई फाइलों पर हस्ताक्षर करती दिख रही हैं। इससे एक दिन पहले पार्टी ने दावा किया था कि उनसे राष्ट्रीय राजधानी में 6, फ्लैग स्टाफ रोड बंगले को ष्जबरन खालीष् कराया गया था।

क्या था विवाद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री आवास 4 अक्टूबर को खाली किया था। आतिशी इस आवास में 7 अक्टूबर को शिफ्ट हुई थीं। लेकिन 8 अक्टूबर को दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बड़ा आरोप लगा दिया। उन्होंने दावा किया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा 6 अक्टूबर को मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेष सचिव को पत्र लिखकर चाबी सौंपने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इसका मतलब है कि केजरीवाल ने अपना आवास खाली किया ही नहीं था। इसके बाद 9 अक्टूबर का दिन आता है। आतिशी के समान को घर से बाहर निकाल कर इसे पूरी तरीके से सील कर दिया जाता है। ऐसे में सवाल यह है कि क्यों मुख्यमंत्री आतिशी का सामान बाहर करके आवास को सील किया गया? दरअसल, आरोप है कि इस बंगले को विधिवत तरीके से पीडब्ल्यूडी डिपार्टमेंट को हैंडोवर नहीं किया गया। इतना ही नहीं, उससे पहले ही मुख्यमंत्री आतिशी का सामान इस बंगले में पहुंचा दिया गया।

## असम में तेज रफ्तार एसयूवी की चपेट में आ जाने से चार बच्चों की मौत

एजेंसी।

धुबरी के पुलिस अधीक्षक नवीन सिंह ने पीटीआई– को बताया कि जब बच्चे सुबह–सुबह गोलकगंज में राष्ट्रीय राजमार्ग 17 से सटे अपने घर के पास टहल रहे थे, उस दौरान एसयूवी ने उन्हें टक्कर मार दी। असम के धुबरी जिले में शुक्रवार को तेज रफ्तार स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) की चपेट में आ जाने से चार बच्चों की मौत हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह



जानकारी दी।धुबरी के पुलिस अधीक्षक नवीन सिंह ने पीटीआई– को बताया कि जब बच्चे सुबह–सुबह गोलकगंज में राष्ट्रीय राजमार्ग 17 से सटे अपने घर के पास टहल रहे थे, उस दौरान एसयूवी ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्होंने कहा, हमने तेज गति से एसयूवी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। सिंह ने बताया कि तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। पीड़ितों की पहचान मरियम खातून, जौई रहमान, अबू रैहान और मेंहेदी हुसैन के रूप में की गई है।

## दिल्ली पुलिस ने कई आपराधिक मामलों में वांछित शार्पशूटर को किया गिरफ्तार

कुख्यात गैंगस्टर के लिए शार्पशूटर के रूप में काम करता था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ऐमन को भलस्वा डेयरी क्षेत्र में एक किराए के मकान से गिरफ्तार किया। राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस ने कई आपराधिक मामलों में वांछित 37 वर्षीय एक शार्पशूटर को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान भलस्वा डेयरी क्षेत्र निवासी ऐमन के रूप में हुई है और उसे पंजाब की एक अदालत ने भगोड़ा घोषित किया हुआ है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) सतीश कुमार ने बताया, ऐमान जबरन वसूली, हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम सहित नौ आपराधिक मामलों में शामिल था। वह एक कुख्यात गैंगस्टर के लिए शार्पशूटर के रूप में काम करता था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ऐमन को भलस्वा डेयरी क्षेत्र में एक किराए के मकान से गिरफ्तार किया।

## राहुल गांधी से छिनेगा नेता प्रतिपक्ष का पद? बीजेपी ने कर दिया ऐसा दावा कि मच सकता है सियासी तूफान

भाजपा सांसद ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि अगर उन्हें लगता है कि राहुल गांधी समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने में सक्षम नहीं हैं तो उन्हें इस तरह के फैसले पर आगे बढ़ना चाहिए।शुक्रवार को भाजपा ने एक ऐसा दावा किया जिससे राजनीतिक चर्चा गर्म हो सकती है। दरअसल, भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज से इसको लेकर एक सवाल पूछा गया। पत्रकार का सवाल ये था कि ऐसी जानकारी मिल रही है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का जो पद है, उसको रोटेशनल करने की बात चल रही है? इसके जवाब में बांसुरी स्वराज ने कहा कि हां बिल्कुल। मैंने यह भी सुना है कि विपक्ष के नेता का पद रोटेशनल करने की बात चल रही है। लेकिन मैं विनम्रता से कहूंगी कि यह विपक्ष का आंतरिक मामला है। भाजपा सांसद ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि अगर उन्हें लगता है कि राहुल गांधी समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने में सक्षम नहीं हैं तो उन्हें इस तरह के फैसले पर आगे बढ़ना चाहिए। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि विपक्षी दलों में कई नेता हैं जो विपक्ष के नेता (एलओपी) के काम को संभालने में सक्षम हैं, लेकिन निर्णय लेना उन पर निर्भर है क्योंकि यह उनका ष्आंतरिक मामलाष् है। उन्होंने कहा कि हां, विपक्षी दलों में ऐसे कई नेता जरूर हैं जो नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी निभाने में काफी सक्षम हैं। अगर भारतीय गठबंधन को लगता है कि राहुल गांधी अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से नहीं निभा पा रहे हैं तो उन्हें ऐसा फैसला लेना चाहिए।

## जब नारायणमूर्ति ने मंच पर छू लिए थे रतन टाटा के पैर, सुनाया दरियादिली का एक दिलचस्प किस्सा

एजेंसी।

नारायण मूर्ति ने टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया था और फिर उनका आशीर्वाद लेने के लिए वह उनके पैर छूने के लिए झुके। यह देश के दो सबसे सम्मानित उद्यमियों के बीच गहरे आपसी सम्मान का प्रतीक ई था। तब नारायण मूर्ति ने कहा था कि मैं ने बस इतना ही कह सकता हूं कि उनके नक्शेकदम पर चलना मेरे लिए सम्मान की बात है। आईटी उद्योग के दिग्गज और इन्फोसिस के सह–संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति ने कहा कि अपने प्रिय मित्र रतन टाटा को खोना उनके लिए बहुत पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि टाटा मूल्य आधारित नेतृत्व के संदर्भ में उनके आदर्श थे। मूर्ति ने कहा कि जब भी मुझे नैतिक मुद्दों पर कुछ असमंजस, अस्पष्टता या भ्रम होता था, उस वक्त वह (टाटा) वास्तव में मेरे लिए एक नैतिक मार्गदर्शक होते थे। साल 2020 में एनआर नारायण मूर्ति की रतन टाटा के पैर छूते हुए एक तस्वीर वायरल हुई थी। यह भारतीय कॉरपोरेट



जगत के सबसे यादगार और ऐतिहासिक पलों में से एक था। नारायण मूर्ति ने टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया था और फिर उनका आशीर्वाद लेने के लिए वह उनके पैर छूने के लिए झुके। यह देश के दो सबसे सम्मानित उद्यमियों के बीच गहरे आपसी सम्मान का प्रतीक ई था। तब नारायण मूर्ति ने कहा था कि मैं ने बस इतना ही कह सकता हूं कि उनके नक्शेकदम पर चलना मेरे लिए सम्मान की बात है। मूर्ति ने अपने शोक संदेश में कहा कि रतन जैसे प्रिय मित्र को खोना बहुत दुखद है। रतन मेरे लिए मूल्य–आधारित नेतृत्व के संदर्भ में मेरे 'आदर्श' थे। टाटा (86) का मुंबई में वृद्धावस्था संबंधी समस्याओं के चलते बुधवार को ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। नारायण मूर्ति ने रतन टाटा के साथ बिताए एक यादगार लम्हे के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 2004 में इंफोसिस में जमशेदजी टाटा रूम का उद्घाटन करने के लिए रतन टाटा जी को आमंत्रित किया गया। इस निमंत्रण पर उनके रिएक्शन ने उनकी विनम्रता और शालीनता को दर्शाया। दरअसल रतन टाटा हैरान थे कि क्योंकि जिस आईटी कंपनी (जै) का उन्होंने नेतृत्व किया, वह इंफोसिस की प्रतिस्पर्धी कंपनी है। उन्होंने कहा कि देखो, मुझे यह कुछ हद तक असामान्य लगता है क्योंकि टीसीएस आपकी प्रतिस्पर्धी कंपनी है।

## कर्नाटक में अब बीजेपी पर जांच की आंच, रिपोर्ट में कई खुलासे

एजेंसी।

कर्नाटक चिकित्सा शिक्षा निदेशालय ने 918.34 करोड़ रुपये की खरीदारी की, कर्नाटक राज्य चिकित्सा आपूर्ति निगम लिमिटेड (झैडैब्स) ने 1,394.59 करोड़ रुपये के चिकित्सा उपकरण और 569.02 करोड़ रुपये की दवाएं खरीदीं, और किदवई मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी ने कुल 264.37 करोड़ रुपये की खरीदारी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें से अधिकांश लेनदेन में अनियमितताएं पाई गईं, धन की वसूली की सिफारिश की गई।कर्नाटक में पिछली भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान हुए कथित कोविड–19 घोटाले की जांच कर रहे हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त के न्यायाधीश माइकल डी कुन्हा जांच आयोग द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट में गंभीर अवैधताओं, कदाचार और हर जगह भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। जवाब में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कर्नाटक कैबिनेट ने संबंधित आपूर्तिकर्ताओं और सेवा प्रदाताओं से जुर्माने और अतिरिक्त



भुगतान के रूप में 500 करोड़ रुपये वसूलने की सिफारिश की है। रिपोर्ट में कई खरीद निकायों में अनियमितताओं का विवरण दिया गया है। कर्नाटक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग (एचएफडब्ल्यूडी) 1,754.34 करोड़ रुपये की खरीद के लिए जिम्मेदार था, जबकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ने 1,406.56 करोड़ रुपये का प्रबंधन किया।चिकित्सा शिक्षा निदेशालय ने 918.34 करोड़ रुपये की खरीदारी की, कर्नाटक राज्य चिकित्सा आपूर्ति निगम लिमिटेड (झैडैब्स) ने 1,394.59 करोड़ रुपये के चिकित्सा उपकरण और 569.02 करोड़ रुपये की दवाएं खरीदीं, और किदवई मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी ने कुल 264.37 करोड़ रुपये की खरीदारी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें से अधिकांश लेनदेन में अनियमितताएं पाई गईं, धन की वसूली की सिफारिश की गई। इन निष्कर्षों के आधार पर आयोग ने आपूर्तिकर्ताओं और सेवा प्रदाताओं से दंड और अतिरिक्त भुगतान की वसूली के लिए कार्रवाई की सिफारिश की है। इसके अलावा, संबंधित विभागों के आरोपी अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक जांच की सिफारिश की गई है।

## हरियाणा की हार पर आप ने कांग्रेस को घेरा, संजय सिंह बोले– भाजपा से लड़ने में सक्षम है हम

एजेंसी।

हरियाणा में सहयोगियों की अनदेखी के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि अगर सबसे पुरानी पार्टी ने आप और समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया होता तो परिणाम अलग होते। अपनी उच्च जीत की संभावनाओं के बावजूद, कांग्रेस हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा को हटाने में विफल रही। इस बीच, इंडिया ब्लॉक पार्टियां पहले ही अति आत्मविश्वास और सहयोगियों को साथ नहीं लेने के लिए कांग्रेस की आलोचना कर चुकी हैं। जबकि शिवसेना–यूबीटी और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने हार के लिए कांग्रेस की आलोचना की, समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में सबसे पुरानी पार्टी को लगभग किनारे कर दिया है। उसने 10 सीटों पर आगामी विधानसभा उपचुनावों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। अब आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को ताजा झटका दिया है। हरियाणा में सहयोगियों की अनदेखी के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि अगर सबसे पुरानी पार्टी ने आप और समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया होता तो परिणाम अलग होते। उन्होंने कहा कि कई स्तरों पर रणनीतिक चूक हुई और कांग्रेस को इसकी समीक्षा करनी चाहिए। जम्मू–कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। अगर ऐसा ही कुछ हरियाणा में होता, आप या समाजवादी पार्टी से गठबंधन होता तो जाट–गैर–जाट की राजनीति भी रोकी जा सकती थी। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में 17 बागी उम्मीदवारों ने कांग्रेस उम्मीदवारों को हराया। अगले साल फरवरी के आसपास होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा कि आप अकेले ही भाजपा को हराने में सक्षम है। राज्यसभा सांसद ने कहा, आप ने 2013, 2015 और 2019 में दिल्ली में लड़ाई लड़ी और जीती और 2024 में भी अकेले चुनाव लड़ेगी।

# योगी सरकार ने दशहरे–दिवाली पर विद्युत उपभोक्ताओं को दिया तोहफा

### प्रदेश में लगातार पाँचवें वर्ष सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए देय बिजली की टैरिफ दरें अपरिवर्तित रहेंगी

## यूपी को समृद्ध, हरित और आधुनिक बनाने के लिए विद्युत् दरें नहीं बढ़ाई गई

संवाददाता।

लखनऊ। प्रदेश सरकार इस वर्ष 2024–25 में भी बिजली की दरों में कोई बढ़ोत्तरी न कर प्रदेश के 3.48 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को दशहरा दीपावली त्यौहार का तोहफा दिया है। विगत 05 वर्षों से लगातार महंगाई के दौर में भी बिजली की दरें नहीं बढ़ायी गईं और टैरिफ भी वही है। इसका लाभ प्रदेश के सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं को मिलेगा। इस व्यवस्था के साथ उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। इस वर्ष बिजली दरों का निर्धारण 10.67 प्रतिशत लाइन हानियों के आधार पर किया गया है।उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने विद्युत दरों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि योगी सरकार ने उपभोक्ताओं के हितों के दृष्टिगत वर्ष 2019–20 के बाद से विद्युत दरें नहीं बढ़ायी गई बल्कि कुछ क्षेत्रों में विद्युत दरों को कम किया गया है। इससे निम्न आय वर्ग और छोटे व्यवसायियों को आर्थिक राहत और स्थिरता मिलेगी। प्रदेश में आईटी उद्योग को बढ़ावा देने, स्टार्टअप लगाने व बाहर की कम्पनियों का निवेश बढ़ाने हेतु इस क्षेत्र में विद्युत दरों को कम किया गया है। इसी प्रकार इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग हेतु सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन स्टेशनों के लागू वर्तमान टैरिफ को राज्य परिवाहन के लिए भी अनुमन्य कर दिया गया है। यह पहल राज्य की इलेट्रिक मोबिलिटी एजेंडा को बढ़ावा देने के लिए की गयी है। इससे सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के लिए 'इलेक्ट्रिक वाहन' चार्जिंग को सुलभ और सस्ता बनाया जा सकेगा तथा पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।ऊर्जा मंत्री ने बताया कि पर्यावरण की दृष्टि से नवीकरणीय ऊर्जा का उपभोग करने वालें उपभोक्ताओं द्वारा देय अतिरिक्त ग्रीन एनर्जी टैरिफ 0.44 रुपये प्रति यूनिट को घटाकर 0.36 रुपये प्रति यूनिट कर दिया गया है। उद्योगों को ग्रीन एनर्जी सर्टिफिकेट देने की निर्धारित दरों को 15 से 20 प्रतिशत कम किया गया है। विदेश के साथ निर्यात करने वाले जो उद्यमी ग्रीन एनर्जी का प्रमाणपत्र लगाने के लिए ग्रीन टैरिफ का लाभ लेते हैं उनकी दरों में कमी आयेगी। साथ ही जो उद्यमी इसका लाभ ले रहे हैं उनकी इनपुट कॉस्ट में अब कमी आएगी। इससे ग्रीन एनर्जी के प्रति उपभोक्ताओं का रूझान बढ़ेगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण में लाभ मिलेगा तथा कार्बन उर्त्सजन में कमी आयेगी। इस टैरिफ में कमी का लाभ उन समस्त उद्योगो को मिलेगा जो हरित ऊर्जा का उपभोग करना चाहतें हैं और पर्यावरण के प्रति जागरूक उपभोक्ता हैं तथा अपने कार्बन फुटप्रिन्ट कम करना चाहते हैं। ए0के0 शर्मा ने बताया कि रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम हेतु विद्युत दरों को मेट्रों रेल सेवाओं की दरों के समान कर दिया गया है। इससे सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों के लिए किफायती और सुसंगत मूल्य निर्धारण सुनिश्चित होगा। इस निर्णय से राज्य के भीतर कुशल मास ट्रांजिट नेटवर्क के विस्तार एवं विकास में लाभ होगा। डिजिटल बिलिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपभोक्ताओं को विद्युत बिल प्राप्त करने के लिए ई–मेल, व्हाटऐप या अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यमों का विकल्प उपलब्ध कराया गया है। साथ ही यह उनके लिए भी फायदेमन्द होगा जो दूरदराज के क्षेत्रों में रहते हैं। ओपन एक्सेस उपभोक्ताओं के लिए क्रॉस सब्सिडी सरचार्ज की दरों को वर्तमान स्तर पर यथावत रखा गया है। यह उद्योगो को ओपन एक्सेस का विकल्प चुनने तथा बिजली बाजार में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने में सहायक होगा, जिससे आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। वर्तमान में प्रचलित नियम के अनुसार 05 किवा. से अधिक संयोजित भार के उपभोक्ताओं हेतु तीन–फेज संयोजन की सुविधा लागू है। अब 03 से 05 किवा. भार के उपभोक्ताओं को भी तीन–फेज का संयोजन देने का निर्णय लिया गया है। इससे उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता तथा विश्वसनीयता में सुधार होगा। इसी प्रकार स्मार्ट मीटर का कनेक्शन जोड़ने काटने के लिए लिये जाने वाले 50 रुपये शुल्क को समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के हितों के लिए प्रदेश सरकार ने इस वर्ष 03 हजार करोड़ रुपये ज्यादा बढ़ाकर 17,511 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में, विद्युत कर्मियों की मेहनत, पुरुषार्थ और सक्षम प्रबंधन से यह संभव हो पा रहा है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि अपने बिजली बिलों को समय से जमा कराए, जिससे प्रदेश में निर्बाध विद्युत आपूर्ति होती रहें। उन्होंने आने वाले त्योहारों दशहरा, दीपावली व छठ पर्व के दौरान उपभोक्ताओं को निर्वाध आपूर्ति मिले इसके निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत दरें न बढ़ने की बधाई दी है।

# मिशन शक्ति की दिशा में ग्राम्य विकास विभाग का क्रान्तिकारी कदम

### मुख्यमन्त्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 51 हजार निराश्रित महिलाओं को दिये गये पक्के मकान

लखनऊ । उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर मुख्यमन्त्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत प्रदेश में 51 हजार पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला (आयु 18 से 40 वर्ष) को इस वर्ष आवास आवंटित किये गये हैं। उप मुख्यमंत्री की पहल पर इस तरह की निराश्रित महिलाओं को मुख्यमंत्री आवास योजना–ग्रामीण की पात्रता की प्राथमिकता श्रेणी में सम्मिलित किया गया है।उप मुख्यमंत्री ने बताया कि पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला (आयु 18 से 40 वर्ष) एक अत्यन्त ही संवेदनशील वर्ग है, जिससे सामाजिक एवं सरकारी स्तर पर बेहद सुरक्षा की आवश्यकता होती है। इस उम्र की विधवा महिलाएं प्रायः ऐसी होती है ,जिनमें से अधिकांश के बहुत छोटे–छोटे बच्चे होते हैं, जिससे इनके सुरक्षा एवं सहयोग की आवश्यकता और बढ़ जाती है। राज्य सरकार ने इस आयु वर्ग के लाभार्थियों को समस्या के दृष्टिगत इन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पात्रताध प्राथमिकता सूची में सम्मिलित कर एक क्रांतिकारी कदम उठाया है ,जो समाज के हर जरूरतमंद के साथ खड़े होने की राज्य सरकार की मंशा को दर्शाता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि मिशन शक्ति की दिशा में ग्राम्य विकास विभाग का यह क्रान्तिकारी कदम हैं। इससे ग्राम्य विकास विभाग द्वारा मातृ शक्ति को बहुत बड़ा सम्बल मिला है। महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री जी के यशस्वी मार्गदर्शन में केंद्र और राज्य की सरकार, महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। हमारी माताओं, बहनों व बेटियों ने हर क्षेत्र में कदम से कदम मिलाकर नए भारत के निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित किया है। हम अपनी नारी शक्ति की ताकत, साहस, और दृढ़ता को नमन करते हैं और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हैं। हमारी सरकार शिक्षा, उद्यमिता, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में पहलों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण आवासीय योजना है, जिसे वर्ष–2018 से प्रारम्भ किया गया। इस योजना में प्राकृतिक आपदा, कुष्ठ रोग एवं कालाजार आदि रोगों से प्रभावित परिवार, आर्थिक दृष्टि से पिछडे जनजाति परिवार, दिव्यांगजन तथा मुसहर, वनटांगिया, बंजारा आदि कई वर्ग के आवास विहीन परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्राथमिकता श्रेणी में जोडते हुए इस योजना से बडी संख्या में लाभ दिया जा रहा है। अब तक 3.51 लाख परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत आवास आवंटित किये गये हैं।आपको बताते चलें कि इस योजना में वर्ष 2024–25 में पात्रता की प्राथमिकता श्रेणी में पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला (आयु 18 से 40 वर्ष) को सम्मिलित करते हुए राज्य सरकार द्वारा इस श्रेणी के आवासविहीन पात्र परिवारों का जनपद स्तर से सर्वेक्षण कराया गया। प्रदेश के जनपदों से लगभग 51 हजार घरों की मांग इस श्रेणी में की गयी। सभी 51 हजार पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला (आयु 18 से 40 वर्ष) को इस वर्ष आवास आवंटित कर दिये गये हैं। इन आवासों के स्वीकृति एवं प्रथम किस्त निर्गत कराने की कार्यवाही प्रक्रिया में है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, द्वारा विभागीय अधिकारियों को इन परिवारों के शीघ्रता से आवास स्वीकृत कर इन्हें पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये हैं। कहा है इतनी बड़ी संख्या में पति की मृत्यु के उपरान्त कम उम्र की निराश्रित महिलाओं को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की संवेदनशीलता एवं मिशन शक्ति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।आयुक्त ग्राम्य विकास जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि अब तक 3.51 लाख

# भाजपा सरकार विनाशकारी सरकार है– अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार विनाशकारी सरकार है। इनके नेताओं के चेहरे के भाव विनाशकारी हैं। भाजपा सरकार हर अच्छे काम को बर्बाद कर रही है। भाजपा सरकार तानाशाही पर उतारू है। संविधान और लोकतंत्र को कुचल रही है। समाजवादियों को समाजवादी महापुरुषों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान नहीं करने दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जेपी एनआईसी में क्या छिपाना चाहती है? वहां क्यों नहीं जाने देना चाहती है? अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार साजिश और षडयंत्र करके जेपी एनआईसी को बेचना चाहती है। इसके पहले इस सरकार ने किसान बाजार और शापिंग काम्पलेक्स को बेच दिया। भाजपा के लोगों का देश की आजादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं है, इसीलिए वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान का विरोध करते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी जेपी आंदोलन से निकले हुए हैं। उनके साथ काम किये हैं। वे देखे कि भाजपा सरकार लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती पर माल्यार्पण भी नहीं करने दे रही है। नीतीश कुमार जी के पास मौका है, वे भाजपा की तानाशाही सरकार से समर्थन वापस लेकर बाहर आ सकते हैं। अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि त्यौहार होने के बाद भी वे आज सड़क पर उतरकर संघर्ष में शामिल हुए। भाजपा सरकार उन्हें रोकना चाहती थी लेकिन समाजवादियों को सड़क पर उतरने से नहीं रोक सकती है। समाजवादी लोग हर समय संघर्ष के लिए तैयार रहते हैं। आज अगर लोग त्योहार नहीं मना पा रहे हैं पूजा नहीं कर पा रहे है तो उसकी दोषी खुद मुख्यमंत्री जी हैं। सारा पाप इन्ही को पड़ेगा। भाजपा सरकार के रवैये और कार्यप्रणाली से प्रदेश की जनता बहुत नाराज है। बता दें कि बीती रात में ही अखिलेश यादव को जयप्रकाश नारायण इंटर नेशनल सेंटर में स्थापित जयप्रकाश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने से रोक दिया गया था। उसके बावजूद अखिलेश यादव रात में ही जेपी एनआईसी पहुंच गये। जयप्रकाश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण रोकने के लिए सरकार ने अखिलेश यादव के घर को चारों ओर से सील कर दिया। पार्टी कार्यालय एवं आसपास के इलाकों में बैरिकेडिंग लगाकर कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए हजारों पुलिस कर्मियों का पहरा लगा दिया। पुलिस के हर हथकंडे के बाद भी अखिलेश यादव ने घर से निकल कर सड़क पर ही हजारों कार्यकर्ताओं के साथ जयप्रकाश नारायण जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# यदि आधी आबादी का सम्मान व सशक्तिकरण होगा तो समाज स्वयं ही समर्थ और शक्तिवान होगा –मुख्यमंत्री

### जनपद गोरखपुर में शारदीय नवरात्रि की महानवमी तिथि पर कन्या पूजन के उपरान्त मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित किया

संवाददाता।

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज गोरक्षनाथ मन्दिर परिसर, गोरखपुर में शारदीय नवरात्रि की महानवमी तिथि पर कन्या पूजन के उपरान्त मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्रि तथा दशहरा पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सनातन धर्म की परम्परा में आज शारदीय नवरात्रि की महानवमी तिथि है। समस्त मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए शारदीय नवरात्रि की महानवमी तिथि पर जगत जननी मां भगवती के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा–अर्चना की जाती है। देश व दुनिया के सनातन धर्मावलम्बी वर्ष में दो बार वासन्तीय तथा शारदीय नवरात्रि के अवसर पर जगत जननी मां भगवती दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की उपासना करते हैं। यह आयोजन विभिन्न पर्व व त्योहारों की हमारी समृद्ध परम्परा की ओर सबका ध्यान आकर्षित करता है।मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज के दिन पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की प्रतीक कुंवारी कन्याओं के पूजन की परम्परा है। यह हम सबके लिए गौरव का क्षण है, जब हम शारदीय नवरात्रि में आठ दिनों के अनुष्ठान के उपरान्त महानवमी तिथि पर गोरक्षपीठ में कुंवारी कन्याओं के पूजन के कार्यक्रम के साथ जुड़ रहे हैं। यह यहां की एक आदि परम्परा है। यहां सैकड़ों की संख्या में बच्चे आए हैं। अभी उनके पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ है। इसके पश्चात उनके भण्डारे का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्हें गोरक्षपीठ की इस पवित्र परम्परा के साथ पुनः जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ है। देश व दुनिया के सनातन धर्मावलम्बी भी इस परम्परा के साथ हर्षोल्लास के साथ जुड़ रहे हैं तथा शक्ति आराधना की प्रतीक आधी आबादी के प्रति सम्मान का भाव रख रहे हैं।भारतीय समाज प्राचीन काल से ही मानता रहा है कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' अर्थात् जहां नारी की पूजा तथा सम्मान होता है, वह समाज स्वयं ही समर्थ तथा शक्तिवान बन जाता है। वहां दैवीय शक्तियां विराजमान होकर मनोकामनाओं की पूर्ति में सहयोगी बनती हैं। शारदीय नवरात्रि का पर्व आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलम्बन की प्रेरणा प्रदान कर रहा है। यदि आधी आबादी का सम्मान व सशक्तिकरण होगा तो समाज स्वयं ही समर्थ और शक्तिवान होगा। आधी आबादी की सुरक्षा के साथ पूरे समाज की सुरक्षा जुड़ी हुई है। इस प्रकार का वातावरण बनाना हम सब की जिम्मेदारी है। यदि हम आधी आबादी की सुरक्षा, स्वावलम्बन तथा गरिमा के लिए मिलकर कार्य करेंगे, तो हमारा देश, प्रदेश तथा समाज निश्चित ही उन लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होगा, जो प्रत्येक नागरिक के चेहरे पर खुशहाली लाने में सक्षम होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल विजयादशमी का पर्व है। विजयादशमी पर्व रावण पर प्रभु श्रीराम की विजय के उपलक्ष्य में उल्लास स्वरूप मनाया जाता है। रावण त्रेता युग का एक बलशाली राजा था। वह धर्म तथा असत्य का प्रतीक था। प्रत्येक सनातन धर्मावलम्बी दशहरा पर्व पर जहां एक ओर रामलीलाओं के माध्यम से प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक के कार्यक्रम के साथ जुड़ेगा, वहीं दूसरी ओर अत्याचारी रावण के पुतले के दहन की परम्परा का भी हिस्सा बनेगा। जब शक्ति की साधना होगी, तो स्वाभाविक रूप से सिद्धि के रूप में विजय श्री अवश्य प्राप्त होगी।

जो समाज अपनी आधी आबादी का सम्मान तथा सशक्तिकरण करेगा वह स्वयं भी विजय श्री का वरण करेगा। यह पर्व इस बात की प्रेरणा प्रदान कर रहा है। हमारी सनातन धर्म की परम्परा इतनी पवित्र तथा उदात्त रही है कि इसने प्रत्येक महत्वपूर्ण पर्व व त्योहार को समाज को आगे बढ़ने के लिए नई प्रेरणा प्रदान करने का माध्यम बनाया है।?

# खान ग्रुप इंटरनेशनल ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

### प्रदीप सिंह बब्बू और अब्दुल वहीद का समाजसेवियों ने किया भव्य स्वागत

लखनऊ ।अली गंज स्थित एक नामी होटल में खघन ग्रुप इंटरनेशनल के एमडी तथा वरिष्ठ समाजसेवी इमरान खान की तरफ से एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया ।मौका था समाज हित के कई महत्वपूर्ण कार्य करने में अग्रसर रहने वाले वरिष्ठ समाजसेवी व कद्दावर नेता प्रदीप सिंह बब्बू का भाजपा में शामिल होने की खुशी में तथा पत्रकारों के हित के अलावा समाज हित की लड़ाई में भी अपनी अहम भूमिका निभाने वाले उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसियेशन के महामंत्री अब्दुल वहीद का उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के चुनाव में सदस्य कार्यकारणी के पद पर शानदार जीत दर्ज करने की खुशी में खघन ग्रुप के एमडी इमरान खान ने एक शानदार समारोह आयोजित करके इन दोनों वरिष्ठ समाजसेवियों का बड़ी माला पहनाकर भव्य स्वागत किया ।इस अवसर पर प्रदीप सिंह बब्बू ने कहा कि हर जरूरतमंद की मदद करना मेरी पहली प्राथमिकता है ।समारोह को संबोधित करते हुए अब्दुल वहीद ने कहा कि पत्रकार हितों के लिए हमेशा लड़ाई लड़ता रहूंगा। इस शानदार कार्यक्रम में प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीज सिद्दीकी,शराब बंदी के अध्यक्ष मुर्तजा अली,ब्लड मैन वरिष्ठ समाजसेवी कुदरत उल्ला खान,वरिष्ठ पत्रकार जुबैर अहमद,परवेज आलम,तौसीफ हुसैन, हिंद टुडे के संपादक मो खालिद, आरजू खान,परवेज अखद्तर,आरिफ मुकीम,प्रमोद मिश्रा,विजय गुप्ता,उपेंद्र मिश्रा,विपिन सिंह सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे ।जिन्होंने सम्मानित होने वाली इन दोनों हस्तियों के जीवन की कई रोचक बातों पर रोशनी डाली।

---

## कमाल की मूर्ति और धमाल का पंडाल पर आधारित होगा पुरस्कार वितरण

संवाददाता।

प्रयागराज। इस वर्ष बंगाली वेलफेयर एसोसिएशन ने दुर्गा पूजा पुरस्कार वितरण को उच्च और मध्यम बजट में विभाजित किया है, ताकि मध्यम बजट की पूजा को बढ़ावा दिया जा सके।

एक ओर उच्च बजट की पूजा के लिए सात पुरस्कार आवंटित किए गए हैं, वहीं दूसरी ओर मध्यम बजट के पूजा आयोजकों के लिए विभिन्न श्रेणियों के लिए 15 पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं, जिसमें सर्वश्रेष्ठ पारंपरिक पूजा भी शामिल है।

इस वर्ष संगठन ने उच्च और मध्यम बजट के पूजा आयोजकों के लिए सर्वश्रेष्ठ थीम आधारित पूजा के लिए दो पुरस्कार अलग से आवंटित किए हैं। यह जानकारी संगठन के सचिव डॉ पी के रॉय ने प्रेस को दी।

संगठन के संयुक्त सचिव अशित रॉय ने बताया कि पुरस्कार वितरण समारोह 20 अक्टूबर को भारत सेवाश्रम संघ के परिसर में बंगाली वेलफेयर एसोसिएशन और इलाहाबाद दुर्गा पूजा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। इलाहाबाद दुर्गा पूजा समिति के मंडल सचिव उत्तम कुमार बनर्जी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्था द्वारा पूजा से जुड़े बुजुर्ग एवं युवा पीढ़ी को सम्मानित किया जाएगा।

बंगाली वेलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ जूरी मेंबर एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा ने बताया कि सम्मानित होने वाले लोगों की सूची और पुरस्कार पाने वाले पंडालों की सूची शीघ्र ही प्रकाशित की जाएगी।

## नवरात्र के नौवें दिन देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की कतार

संवाददाता।

प्रयागराज। आज शुक्रवार को अष्टमी और नवमी के मौके पर प्रयागराज के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची। मां अलोपशंकरी देवी शक्तिपीठ मंदिर में मंगला आरती के बाद भोर 5 बजे से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे। यही स्थित कल्याणी देवी, ललिता देवी मंदिरों की भी है। यहां भी श्रद्धालुओं खास महिलाओं की भीड़ ज्यादा है। लोग दर्शन पूजन कर रहे हैं। व्रती महिलाएं देवी का स्वरूप मानकर 9 कन्या का पूजन कर रही हैं और उन्हें उपहार भी दे रही हैं। घर–घर में कन्या पूजन हो रहा है।

## जिला महिला चिकित्सालय में मनाया गया सामूहिक कन्या जन्मोत्सव

प्रयागराज। मिशन शक्ति फेज–5 के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस नवरात्रि नवमी के अवसर पर जिला महिला चिकित्सालय में महिला कल्याण विभाग व एक्शनएड के द्वारा सहयोग में जिला महिला चिकित्सालय (डफरिन हॉस्पिटल) में सामूहिक कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया ।जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह को वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक नीलेशा यादव ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया साथ ही वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर अनामिका श्रीवास्तव व रुचि शुक्ला ने अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय कजरी गुप्ता को पुष्पगुच्छ भेंट करके किया। जिसके बाद जिला महिला चिकित्सालय में नवरात्रि के दौरान रुचि शुक्ला व प्रीती मिश्रा ने मिलकर किया।

# सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन के नायक जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाई गई

प्रयागराज। देश में अस्सी के दशक में तत्कालीन केंद्र सरकार के खिलाफ "सम्पूर्ण क्रांति आंदोलनष के नायक, लोकनायक जयप्रकाश की जयंती आज सपा कार्यालय जार्जटाउन में मनाई गई। इस मौके पर लोकनायक के चित्र पर फूल माला अर्पित कर सपा नेताओं कार्यकर्ताओं ने नमन किया। तदुपरान्त आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने जयप्रकाश नारायण को महान समाजवादी नेता एवं ऊर्जावान व्यक्तित्व का धनी बताते हुए कहा कि 80 के दशक में तत्कालीन केंद्र सरकार कि नीतियों के खिलाफ उन्होंने जो बिगुल बजाया। देश की जनता ने उस आवाज पर तत्कालीन इंदिरा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम किया। पटना के गाँधी मैदान में जुटे लाखों की संख्या मे जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यवस्था परिवर्तन की अपील करते हुए जो नारा दिया उसे "सम्पूर्ण क्रांति " के नाम से जाना जाता है। देश की राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक,शैक्षणिक व आध्यात्मिक क्षेत्र में अपेक्षित सुधार के लिये जो चिंगारी जलाई वह पूरे देश में कोने कोने आग बनकर भड़क गई। समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि उनके इस आंदोलन को जेपी आंदोलन के रूप से भी जाना जाता है। जेपी आंदोलनकी पाठशाला से निकले तमाम नेता देश के उच्च पदों पर पद आसीन हुए। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे महान समाजवादी नेता के विचारों पर चलकर ही सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज समाज की बेहतरी के लिएसंघर्ष कर रहे हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार विपक्ष को पूरी तरह से दमन करने पर उतारू है। सपा नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवास पर आज पुलिस की पहरेदारी तगड़ी किए जाने, जे पी एन आई सी में टीन की चद्दर लगाकर लोकनायक की मूर्ति पर माल्यार्पण करने से रोकने पर तगड़ी नाराजगी जतायी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, यमुनापार अध्यक्ष पप्पूलाल निषाद, डॉ मानसिंह यादव, बासुदेव यादव, संदीप यादव, राम सुमेर पाल, ओ पी पाल,मुस्ताक काजमी, रविन्द्र यादव एडवोकेट, दान बहादुर मधुर, आर एन यादव, नाटे चौधरी,जगदीश यादव, आसुतोष तिवारी, संतोष यादव, महेन्द्र निषाद, मो. हामिद, दिलीप चौरसिया, शांति प्रकाश पटेल, नाटे चौधरी, मृत्युंजय पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## बाघंबरी मठ में भव्यता से मनाई गई नवमी

प्रयागराज। बाघंबरी मठ में नवमी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। बाघंबरी मठ में बागेश्वरी देवी का विशेष शृंगार हुआ, वहीं महंत बलबीर गिरि जी महाराज ने कन्याओं के पांव पखारे। शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि पर बाघंबरी मठ में सुबह महंत बलबीर गिरि महाराज ने देवी बागेश्वरी की पूजा की। इसके बाद देवी स्वरूप कन्याओं के पांव पखारते हुए पूजन किया। परंपरागत नवमी पूजन का अनुष्ठान उन्होंने अपने हाथों से किया।

इसके बाद कन्याओं को भोजन कराने के पश्चात दक्षिणा और उपहार देकर उन्हें विदा किया। मठ के प्रमुख महंत बलबीर गिरी जी महाराज ने सुबह बागेश्वरी देवी का अभिषेक किया। इसके बाद श्रंगार और आरती की। महंत बलबीर गिरि ने बताया कि नवरात्रि की नवमी तिथि के अवसर पर मठ में विशेष पूजा अर्चना हुई। मां बागेश्वरी से सभी भक्तों के लिए मंगल कामना की गई।

## रेसुब जोनल ट्रेनिंग सेंटर में प्लास्टिक बैन को लेकर सेमिनार आयोजित

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे में स्वच्छ्ता पखवाड़े के दौरान स्वच्छ आहार दिवस के अंतर्गत रेल सुरक्षा बल जोनल ट्रेनिंग सेंटर प्रयागराज में शिवाजी कदम मुख्य पर्यावरण प्रबंधक एवं राकेश निगम मुख्य स्वास्थ्य निदेशक के द्वारा प्लास्टिक बैन के ऊपर सेमिनार किया गया। ज्ञात हो कि, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा भारत सरकार की योजना के अनुरूप इस वर्ष स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन 01 से 15 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस सेमिनार में जोनल ट्रेनिंग सेंटर के लगभग 50 से अधिक प्रशिक्षुओं ने हिस्सा लिया। सेमिनार के दौरान मुख्य पर्यावरण प्रबंधक के द्वारा कुछ प्रश्न भी पूछे गए। सही जवाब देने वालों को एक–एक कपड़े के थैले भी दिये गए। इसके बाद दोनों अधिकारियों के द्वारा जोनल ट्रेनिंग सेंटर की मेस का भी निरीक्षण किया गया एवं कर्मचारियों को कुछ उपयोगी सलाह भी दी गयी।

# देवी जागरण एवं संगीत संध्या का आयोजन



बहराइच बहराइच जिले में शारदीय नवरात्र पर विभिन्न आयोजन हर मोहल्लों व गलियों में आयोजित किया गया और छोटी व बड़ी महिलाओं ने डंडियां का का आनंद कर भक्ति मय माहौल बनाया।पूजा समितियों में देवी जागरण व भजन संध्या का आयोजन किया गया। नानपारा में पटहरन इमली,शिव मंदिर,व काली मंदिर में हवन व पूजा संध्या का आयोजन किया गया।

# एसडीएम ने आवकारी निरीक्षक के साथ दी दबिश

## अवैध कच्ची शराब कारोबारियो में मचा हड़कप

## एक कुन्तल लहन कराया गया नष्ट

बल्दीराय सुल्तानपुर (आरएनएस)र। दशहरा, दुर्गा पूजा त्योहारों में सतर्कता बरतने के लिए आबकारी विभाग ने विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत उप–जिला अधिकारी बल्दीराय गामिनी सिंगला (आईएएस) आबकारी निरीक्षक नेहा श्रीवास्तव एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी बल्दीराय सौरभ सामंत द्वारा अवैध कच्ची शराब के विशेष रोक थाम के लिए संयुक्त दबिश दी। दबिश के दौरान अवैध कच्ची शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। आबकारी आयुक्त के निर्देश में एवं विशेष प्रवर्तन अभियान हेतु जिला अधिकारी द्वारा गठित संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र बल्दीराय थाना क्षेत्र के बरासीन व हलियापुर ग्राम में दबिश दी गई दबिश के दौरान कच्ची शराब कारोबारियों में अफरा तफरी मची रही। दबिश में लगभग एक कुंतल लहन बरामद की गई जिसको मौके पर नष्ट कराया गया तथा ग्राम हलियापुर में एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए जेल भेजा गया। इसके साथ ही एसडीएम गामिनी सिंगला आबकारी निरीक्षक नेहा श्रीवास्तव और पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ सामंत द्वारा सरकारी दुकानों का गहनता से निरीक्षण किया गया तथा बोटलो पर लगे क्यूआर कोड का भी सत्यापन किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम से भी अवगत कराते हुए सरकारी मदिरा की दूकानों से ही मदिरा को खरीदने हेतु निर्देशित किया गया।

# 300 करोड़ से जगमगायेगा अयोध्या बाईपास व एयरपोर्ट मार्ग, सौर ऊर्जा बनेगा माध्यम

## –अयोध्या में सोलर सिटी समेत सौर ऊर्जा से जुड़ी विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं को दी जा रही है गति

अयोध्या। दीपोत्सव के लिए सज–संवर रही अयोध्या नगरी का श्रृंगार सोलर स्मार्ट लाइट के जरिये भी हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के बाद से अयोध्या को सोलर सिटी बनाने की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। यहां सौर ऊर्जा से संबंधित कई कार्यक्रम पहले से संचालित हैं और अब इसी क्रम में, लगभग 300 करोड़ की लागत से अयोध्या के प्रमुख स्थलों पर स्मार्ट सोलर लाइट लगाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके पूरा होते ही अयोध्या बाईपास और एयरपोर्ट मार्ग जगमगा उठेंगे। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण ( यूपीनेडा) द्वारा इस प्रक्रिया को पूरा करने पर सबसे ज्यादा फोकस किया जा रहा है।भव्य राम मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद से अयोध्या में विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि अयोध्या को इस कदर सजाया और संवारा जाए , जिससे यहां आने वाला श्रद्धालु बार–बार आने की इच्छा जाहिर करे। यही नहीं, उन्होंने अयोध्या को सोलर सिटी बनाने के लिए सोलर रूफटॉप प्रोग्राम समेत विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं को गति दी जा रही है। यहां के तमाम पार्क और सड़कों के किनारे सोलर लाइटों से जगमग हैं, लेकिन अब यूपीनेडा विभाग ने अयोध्या को स्मार्ट बनाने की दिशा में स्मार्ट सोलर लाइट लगवाने का काम किया है। लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से लग रही लाइट अयोध्या की सुंदरता में चार–चांद लगा देंगी।

अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के संचालन के बाद से देश के कोने–कोने से पर्यटक व श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में, पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए गंजा स्थित एयरपोर्ट के निकट 60 स्मार्ट सोलर लाइट लगाई जा रही हैं। यूपीनेडा की तरफ से 58 सोलर स्मार्ट लाइट अयोध्या बाई

पास के दोनों तरफ लगाई जा रही है। इसके अलावा मंडलायुक्त आवास के पास 16, धर्मपथ के निकट एक पार्क में 10 व मुक्ति धाम पर भी 6 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है। यूपीनेडा के परियोजना अधिकारी प्रवीन कुमार पांडेय ने बताया कि प्रोजेक्ट पर काम तेजी से चल रहा है। दीपावली तक चिह्नित स्थलों पर स्मार्ट लाइट लग जायेगी।

# जागरूकता रैली निकालती सबला समर्थ परियोजना की सदस्य

हरचंदपुर,रायबरेली (आरएनएस)। सबला के द्वारा संचालित समर्थ परियोजना जो की हरचंदपुर की 8 ग्राम सभा में कार्यरत है के माध्यम से चार ग्राम सभा( छतैया, कासोखास के ओदर, शोरा और मुबारकपुर )में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। जिसमें समानता के विषय पर ध्यान केंद्रित करते हुए सामाजिक व्यवहार पर बात की गई। इसके अतिरिक्त बालिकाओं को आगे बढ़ाने के प्रयास में सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के बारे में बात की गई और उसके उद्देश्यों को भी उजागर किया गया। बालिकाएं आगे ना सही लेकिन बराबर का मान सम्मान एवं अवसर पाने की अधिकारी है और यह उन्हें अवश्य ही मिलना चाहिए। इस कार्यक्रम में सबला समर्थ परियोजना की सुपरवाइजर दीपांजलि श्रीवास्तव, एनिमेटर ज्योति श्रीवास्तव सज्जन कुमार सुनैना पटेल एवं ममता सम्मिलित समम्मिलित हुए और कार्यक्रम को संपन्न बनाया

# रोडवेज बस और ट्रक में आमने–सामने भिड़ंत ,तीन घायल

जगतपुर,रायबरेली (आरएनएस)। थाना क्षेत्र के लखनऊ–प्रयागराज मार्ग पर इसौर ड़ेन के पास ट्रक और रोडवेज बस में आमने–सामने भिड़ंत हो गई जिसमें रोडवेज बस के ड्राइवर व ट्रक के ड्राइवर व कंडक्टर घायल हो गए। घायलों को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा गया। शुक्रवार को लखनऊ–प्रयागराज मार्ग पर इसौर ड़ेन के पास इलाहाबाद की तरफ जा रही रोडवेज बस चारबाग डिपो तथा जगतपुर के तरफ से आ रहे ट्रक में आमने–सामने भिड़ंत हो गई। भिड़ंत के बाद चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई । मौके पर पहुंची पुलिस व एंबुलेंस द्वारा घायल दीनदयाल निवासी रायबरेली व राजेंद्र कुमार निवासी रानीगंज प्रतापगढ़ तथा सुभाष निवासी गवर्नमेंट कॉलोनी घायल हो गए। सभी घायलों को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा गया । सीएचसी के अधीक्षक एलपी सोनकर ने बताया कि घायल दीनदयाल का पैर फैक्चर हो गया था। तथा राजेंद्र व सुभाष के हाथ में गंभीर चोटे थी। उपचार के बाद तीनों को जिला चिकित्सालय भेजा गया।

# एसडीएम ने मां दुर्गा के पट का किया अनावरण

बल्दीराय सुल्तानपुर। तहसील क्षेत्र बल्दीराय के हलियापुर में श्री नवदुर्गा पूजा समिति के सौजन्य से पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का अनावरण बल्दीराय की उप जिलाधिकारी आईएएस गामिनी सिंगला ने किया। उपजिलाधिकारी ने मां दुर्गा के भब्य पांडाल पर जाकर पहले मां के पट का अनावरण किया फिर मैया की मूर्ति की विधिवत पूजा की और आरती उतारी पट खुलते ही पूरा क्षेत्र मां के जयकारो से गुंजायमान हो गया। तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय सिंह ने. भी मां की मूर्ति की पूजा करते हुए आरती उतारी। उपजिलाधिकारी ने पट के अनावरण के पश्चात कहा कि दुर्गा पूजा महोत्सव की धूम पूरे क्षेत्र में चल रही है उन्होंने सभी मां के भक्तो से अपील करते हुए कहा कि महोत्सव शांति पूर्वक मनाया जाए कहीं भी किसी प्रकार की द्वेष भावना ना बने जिससे क्षेत्र में तनाव पैदा हो प्रशासन आप लोगों के साथ में है आपकी सहभागिता भी महोत्सव को शांत बनाने में लगातार बनी रहे। उक्त अवसर पर क्षेत्र नवदुर्गा पूजा समिति हलियापुर के अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह राकेश कुमार तिवारी अजय सिंह मुदित प्रताप सिंह अखन्ड प्रताप सिह धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रभात सिंह इन्द्र बहादुर सिंह महेन्द्र सिंह राम जी कौशल सत्यम कौशल अनिल विश्वास सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

# सामाजिक सेवा संघ के कार्यकर्ताओ ने बांटा नि:शुल्क भोजन

सुल्तानपुर(आरएनएस)। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के सदस्यो द्वारा परोपकार का सिलिसिला अनवरत जारी है। बृहस्पतिवार की शाम मेडिकल कॉलेज व रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदो को निशुल्क भोजन वितरित किया। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के संयोजन में गुरुवार की राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की नि:शुल्क रसोई ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयधजिला चिकित्सालय और रेलवे स्टेशन पर सैकड़ो मरीजों, तीमारदारों यात्रियों तथा जरूरतमंदो को गरम ताजा भोजन की थाली बांटी। कार्यक्रम का शुभारंभ रिटायर इंस्पेक्टर जलाल अहमद सिद्दीकी ने किया।उन्होंने नि:शुल्क भोजन की थाल जरूरतमंदों को सौंपते हुए कहा भूखे को खाना खिलाना बहुत नेक काम है। दो साल से सोशल मीडिया और अखबार के माध्यम से सुनता आया हू आज मुझे भी नेक पुनीत कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का सौभाग मिला अपार प्रसन्नता की अनुभूति हुई। संपन्न समाज के लोगो से अपील है कि इस कार्य में बढ़– चढ़ कर सहयोग प्रदान करे। संगठन के मार्गदर्शक निजाम खान ने बताया कि मेडिकल कालेज में 310 रेलवे स्टेशन पर 117 कुल 427 जरूरतमंदो को अरहर की दाल सब्जी चावल रोटी की गरम ताजा भोजन की थाली वितरित की गई। संगठन के सक्रिय सदस्य हाजी गुलशेर फर्नीचर ने संघ के कोष में पांच हजार रुपए आर्थिक सहयोग प्रदान किया और प्रतिमाह 1000 धनराशि सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रदीप श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश वर्मा,विनोद यादव, डॉ शादाब खान, सरदार गुरुप्रीत सिंह, शिक्षक राशिद खान, लईक अहमद, राशिद वर्दी टेलर, अब्दुल वदूद मिलियन टेलर, आदित्य सिंह, दिलीप सिंह, हाजी गुलशेर फर्नीचर, माता प्रसाद जायसवाल, बैजनाथ प्रजापति भोलू आदि का भोजन वितरण में सहयोग दिया।

# पूजा पंडालों में भक्तों का लगा रहा तांता, कन्याओं का हुआ पूजन

## –जगह–जगह भंडारे का हुआ आयोजन

अयोध्या। नवरात्र के अंतिम दिन देवी मंदिरों में व पूजा पंडालों माता के दर्शन को भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह के समय बड़ी व छोटी देवकाली, जालपा देवी, मरी माता मंदिर, पाटेश्वरी मंदिर सहित माता के अन्य मंदिरों में हवन–पूजन किया गया। सप्तमी और अष्टमी एक ही दिन 10 अक्टूबर को थी। शास्त्रों के अनुसार, नवरात्र में जब सप्तमी–अष्टमी एक ही दिन हो तो दुर्गाष्टमी का व्रत उस दिन नहीं करना चाहिए। इसे निषेध माना गया है। इसलिए इस साल 11 अक्टूबर को ही अष्टमी और नवमी दोनों मनाई गई है। शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर माता दुर्गा के आखिरी स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा–अर्चना धार्मिक वातावरण में संपन्न हुई। महाअष्टमी और नवमी तिथि को कन्या पूजन करते हुए मां की विदाई की गई। विदाई की परंपरा में कन्याओं को घर बुलाकर उनके पैर धोये गए और कन्याओं के साथ एक लंगूर के रूप में बच्चे को भी बुलाया गया। पैर धोने के बाद कन्याओं को आसन पर बैठाकर उनके हाथों में कलावा बांधा गया। माथे पर कुमकुम सुशोभित किया गया और माता रानी के पसंद के पकवान कन्याओं के समक्ष परोसे गए। छोटी देवकाली मंदिर के पुजारी अजय द्विवेदी ने बताया कि बड़ी संख्या में महिलाओं ने विधि विधान से दर्शन के बाद व्रत अनुष्ठान को संपन्न किया। नाका तिराहा स्थित मरी माता मंदिर में आज नवमी के अवसर पर हवन पूजन व कन्या पूजन कर नवरात में भी सिद्धिदानी का पूजन किया किया गया। इस अवसर पर मन्दिर के पुजारी चंचल दास ने मन्दिर में हवन पूजन कर कन्या को तिलक लगाकर दक्षिणा देकर भोजन करवाया। कई वर्ष की भांति इस वर्ष भी मन्दिर को फूलो के सजाया गया। शहर के रिकाबगंज स्थित अति प्राचीन दुर्गा मंदिर में शुक्रवार को नवमी तिथि पर कन्या पूजन किया गया। उसके बाद भंडारे का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में मां भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह सर्वप्रथम हवन–पूजन का कार्यक्रम हुआ। तदुपरांत विधि–विधान पूर्वक 31 कन्याओं का पूजन किया गया। नवरात्रि के पावन पर्व पर बड़ी संख्या में मां भक्तों ने मंदिर के गर्भगृह में विराजमान दुर्गा मैया का पूजन–अर्चन, आरती कर अपना जीवन धन्य बनाया। मां से अपने सुखमय जीवन की कामना की। बता दें कि दुर्गा मंदिर शहर का बहुत ही पौराणिक मंदिर है। जहां नवरात्रि पर पूरे नौ दिन मां भक्तों का जमावड़ा लगा रहता है। इस प्राचीन दुर्गा मंदिर की स्थापना स्वरूपानंद महाराज ने की थी। यह मंदिर लगभग सौ वर्ष पुराना मंदिर है। मंदिर में नवमी तिथि पर 31 कन्याओं का विशेष पूजन–अर्चन किया गया। कन्याओं का विशेष पूजन श्रद्धा तिवारी ने किया। उसके बाद विशाल भंडारा आयोजित रहा, जिसमें काफी संख्या में भक्तों ने प्रसाद पाया। भंडारा देरशाम तक चलता रहा। इस अवसर शरद अवस्थी, पूजा अवस्थी, अभिषेक, आकाश, सौरभ निषाद, श्रद्धा, सूरज गुप्ता आदि पदाधिकारी व मां भक्त मौजूद रहे। सिविल लाइन जीजीआईसी स्कूल के सामने श्री श्री साई मन्दिर दुर्गा पूजा समिति द्वारा स्थापित दुर्गा प्रतिमा व बजरंगबली का भक्तों द्वारा विशेष पूजन अर्चन किया। इस पूजा पंडाल में श्रीराम जी के भव्य स्वरूप मे बजरंगबली की प्रतिमा भक्तों के आकर्षण का केन्द्र बनी रही। मंदिर के अध्यक्ष महन्त ऋषि साई पुजारी, उपाध्यक्ष प्रकाश साई, कोषाध्यक्ष मन्नू, मंत्री रिशु, महामंत्री शुभम व शोभा यात्रा संचालक वरिष्ठ पत्रकार अजय श्रीवास्तव अज्जू ने दर्शन करने पहुंचे भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही दुर्गा मूर्ति विसर्जन के संबंध में निर्देश जारी करते हुए बताया

# शंकरेश्वर शिव मंदिर में हुआ कन्या भोज

लालगंज,रायबरेली (आरएनएस)। नवरात्रि के पावन पर्व के महानवमी के अवसर पर लालगंज क्षेत्र के गोविंदपुर वलौली शिवनगर स्थित भगवान शंकरेश्वर शिव मंदिर में मां दुर्गा की आराधना और आरती के पश्चात कन्या भोज का आयोजन किया गया। मंदिर की संस्थापक उपाध्यक्षा श्रीमती मीना शुक्ला ने बताया कि मंदिर में प्रतिवर्ष नवरात्र के पावन अवसर पर प्रतिदिन सायं काल मां दुर्गा की आराधना और पूजन का कार्यक्रम बड़े ही भक्ति भाव से श्रद्धालु करते हैं। महानवमी के दिन कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें कन्याओं और छोटे बालकों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रीमती मीना शुक्ला ने कहा कि मां दुर्गा की आराधना और कन्या भोज कराने से कलियुग में मनुष्य को असीम पुण्य की प्राप्ति होती है और मानव के सभी कष्ट दूर हो जाते है। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुशील शुक्ला, रवि शंकर बाजपेई ,नीलेश शुक्ला, चंदन बाजपेई ,श्रीधर शुक्ला, सुशील मिश्रा ,गौरव बाजपेई सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

# ई रिक्शा पलटने से दो घायल

ऊंचाहार,रायबरेली (आरएनएस)।तहसील क्षेत्र में सवारी लेकर जा रहा ई रिक्शा ग्रेडर मशीन से टकराकर सड़क पर पलट गया, घटना में चालक समेत उस पर बैठी महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई, जिसमें चालक को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।सेवक का पुरवा मजरे मतरौली गाँव निवासी विश्वनाथ सिंह 32 वर्ष ई रिक्शा चालक है।जो शुक्रवार की दोपहर नेवादा गाँव निवासी शिवकांति 40 वर्ष को बिठाकर पट्टी रहस कैथवल गाँव जा रहा था।तभी मदारीगंज मोड़ के पास मिट्टी बराबर करने वाली ग्रेडर मशीन से टकराकर ई रिक्शा सड़क पर पलट गया।घटना में चालक व महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई, स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सीएचसी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने चालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल दो लोग सीएचसी आये थे, जिसमें युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## पंडाल में गुटखा थूकने को लेकर हुआ विवाद

ऊंचाहार,रायबरेली (आरएनएस)। कोतवाली क्षेत्र में दुर्गा पूजा पण्डाल में गुटखा खाकर थूकने का विरोध करने पर दबंगों ने गालीगलौज करते हुए झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने कोतवाली में की है ।मामला रतापुर मजरे कन्दरांवा गाँव है।गांव के रहने वाले जितेंद्र कुमार, अनूप, भानु प्रताप, राजेंद्र, बुदान आदि ग्रामीणों ने शुक्रवार को दिये शिकायती पत्र में बताया है कि तीन दिन पहले एक युवक गाँव में सजे दुर्गा पण्डाल में आया और गुटखा खाकर थूक दिया,जब उसे मना किया गया

# मैहर महोत्सव में होगा दो दिवसीय महिला व पुरुष दंगल

–अयोध्या केसरी व अयोध्या शेरनी का होगा चयन, तैयारियां

अयोध्या। मैहर महोत्सव के तहत 18 और 19 अक्टूबर को अयोध्या में विराट दंगल का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन स्व. पृथ्वी सिंह की 11वीं पुण्य तिथि की स्मृति में किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अपना दल एस के प्रदेश सचिव प्रमोद सिंह ने बताया कि प्रतिभागियों के नामांकन 17 अक्टूबर 2024 को कराना होगा। इस दंगल में भारत और नेपाल के प्रसिद्ध महिला और पुरुष पहलवानों की भागीदारी सुनिश्चित है। अयोध्या में कुश्ती के पुनर्जीवन और युवा प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से, पुरुष वर्ग के लिए 'अयोध्या केसरी' और महिला वर्ग के लिए 'अयोध्या शेरनी' का चयन किया जाएगा।प्रतिभागियों को अपने आधार कार्ड और एक फोटो के साथ समय पर कार्यक्रम स्थल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा, जो कि पूरी तरह नि:शुल्क है। यह आयोजन, समाजसेवी और अपना दल के वरिष्ठ नेता प्रमोद सिंह के नेतृत्व में हो रहा है, जिसमें स्थानीय युवाओं को वैश्विक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा। दंगल प्रतियोगिता मलावन की बाग में आयोजित की जाएगी। सभी युवा पहलवानों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है

# अवध विवि में छत्राओं संग डांडिया करती कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल

## –कुलपति ने छात्राओं के संग डांडिया में लिया हिस्सा

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास में डांडिया की धूम रही। छात्राओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने छात्राओं एवं शिक्षिकाओं के संग डांडिया नृत्य में हिस्सा लिया। छात्रावास में डांडिया की प्रस्तुति पारम्परिक परिधान में की गई। कार्यक्रम की शुरुआत देवी स्तुति एवं गणेश वंदना की। इसके उपरांत छात्रा अंजली सिंह ने कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित अतिथियों सहित दर्शक समूह को आकर्षित किया। वहीं बीटेक तृतीय वर्ष की छात्रा अस्मिता ने राम धुन पर शास्त्रीय राम भजन की मनोहारी प्रस्तुति दी। समूह नृत्य में राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुति की गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने छात्राओं द्वारा की गई शानदार प्रस्तुति पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि भारत लोक परंपराओं का देश है। इन दिनों नवरात्रि का पवित्र त्यौहार चल रहा है। जिसमें माँ शक्ति के विभिन्न स्वरूपों की उपासना की जाती है। गरबा एवं डांडिया नृत्य भी इसी उपासना परंपरा का एक अभिन्न अंग हैं। कुलपति ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रत्येक नारी में नौ दुर्गा का रुप है। नारी अपनी शक्ति को पहचाने। हमारे देश में नारी हर क्षेत्र में अपना अहम योगदान दे रही हैं। इसलिए पूरे मनोयोग से अध्ययन करें, जिससे कामयाबी मिले और माता–पिता का नाम रोशन करें।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, अधिष्ठाता छात्र–कल्याण प्रो. नीलम पाठक, वार्डन डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव एवं डॉ0 स्वाति सिंह ने भी छात्राओं को शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम का प्रबंधन छात्रा तन्या सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा सिंह और ऋतिका सिंह ने किया। इस अवसर पर महिला कर्मियों में रंजना चौधरी, इंद्रावती, गीता और छात्राओं श्रेया सिंह, अनुभवी सिंह पायल, खुशी, तनु शर्मा, सृष्टि सिंह, हेमलता मिश्रा, सत्यम पटेल, कुमुद, आशु शुक्ला सहित बड़ी संख्या में छात्राओं ने डांडिया में सहभागिता दी।

# जयंती पर याद किये गए जयप्रकाश नारायण

अयोध्या। समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय लोहिया भवन पर शुक्रवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महासचिव हामीद जाफर मीसम ने किया कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महासचिव हामीद जाफर मीसम व उपाध्यक्ष चौधरी श्रीचंद यादव ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनको याद किया इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा लोकनायक जयप्रकाश नारायण का जन्म बिहार में हुआ था उन्होंने आजादी की लड़ाई मे गांधी जी के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और 1976के आंदोलन में उन्होंने संपूर्ण क्रांति का नारा दिया महानगर महासचिव हामीद जाफर मीसम ने कहा उन्हें लोकतंत्र की लड़ाई के लिए लोकतंत्र का जनक भी माना जाता है उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया था उन्होंने कहा लोकनायक जय प्रकाश नारायण के आंदोलन से भारत को नई दिशा और लोकतंत्र का मायने समझ में आया महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया इस मौके पर प्रदेश सचिव रामअचल यादव महानगर महासचिव हामीद जाफर मीसम उपाध्यक्ष चौधरी श्रीचंद यादव महानगर सचिव जगन्नाथ यादव,वीरेंद्र गौतम,अजय यादव,ऋतुराज सिंह,डॉ घनश्याम यादव,अवनीश प्रताप सिंह, पार्षद कृष्ण गोपाल यादव, अक्षत श्रीवास्तव,प्रदीप यादव,सुरेंद्र यादव,सुनील तिवारी, सूर्यभान यादव, जितेंद्र यादव,अरुण यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# कृषि मंत्री ने स्वयं सहायता समूहें के कार्यों की किया सराहना

मिल्कीपुर–अयोध्या। जिले के प्रभारी एवं मंत्री कृषि सूर्य प्रताप शाही ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित बी वैक्स से बनाये गए दीपक की ऑनलाइन मार्केटिंग हेतु लांचिंग की। इसी के साथ पीएम वाणी केंद्र का उद्घाटन किया गया। जहां पंचायत भवन में डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से छात्र एवं छात्राएं पढ़ध सकेंगें। मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने स्वयं सहायता समूहों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सखी ब्रांड के दीपक से समूहों को आमदनी होगी। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह दिसंबर जनवरी के महीने में मधुमक्खी का पालन करें और उनसे निकलने वाले मोम से यदि दीपक बनाएंगे तो लागत कम हो जाएगी। और उनकी आमदनी बढ़ जाएगी । पंचायत भवन अब समृद्ध हो गए हैं, पंचायत भवनों को हमारी सरकार ने हर प्रकार की सुविधा मुहैया कराई है। मोदी की सोच है कि लोगों का काम गांवों से ही कराया जाए। लोगों को कहीं भटकना न पड़े। बहनों के हाथ मजबूत करने के लिए सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं लखपति दीदियां बनाई जा रही हैं।

# गन्ना सहकारी समिति सोहावल के तीन डायरेक्टरो का निर्विरोध निर्वाचित होना तय

सोहावल–अयोध्या। गन्ना सहकारी समिति के डायरेक्टर के चुनाव में सोहावल तहसील क्षेत्र के तीन डायरेक्टरो का निर्विरोध निर्वाचित होना लगभग तय हो गया है।गूरुवार को नीलम सिंह बड़ागांव से शत्रोहन वर्मा सोहावल खास से, वह राम कुमार चौधरी मुमताजनगर का सिंगल नामांकन ही हुआ। जिसके विरोध में कोई और नामांकन ही नहीं हुआ। यह जानकारी देते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय खुन्नू, प्रगतिशील किसान संजीव सिंह ने बताया कि सोहावल के तीनों डायरेक्टर के नामांकन के सामने कोई और नामांकन ही नहीं आया। जिससे इन तीन लोगों का व आठ अन्य का निर्विरोध निर्वाचित होना तय हो गया है। इन सभी को 16 तारीख को आधिकारिक रूप से सार्टीफिकेट मिलेगा।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शनिवार 12 अक्टूबर 2024
sheelshukla100@gmail.com


# संभप्रुता का सम्मान, विश्व को शांति का ज्ञान, लाओस की दो दिवसीय यात्रा समाप्त कर भारत के लिए रवाना हुए पीएम मोदी




अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और थाईलैंड के प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा से मुलाकात की। उन्होंने लाओ पीडीआर के राष्ट्रपति थोंगला सिसोलिथ और प्रधानमंत्री सोनेक्से सिपांडोने के साथ भी बैठक की। प्रधानमंत्री अब भारत के लिए रवाना हो चुके हैं।लाओ पीडीआर के वियनतियाने की अपनी यात्रा के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लिया। शिखर सम्मेलन के दौरान उन्होंने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और थाईलैंड के प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा से मुलाकात की। उन्होंने लाओ पीडीआर के राष्ट्रपति थोंगला सिसोलिथ और प्रधानमंत्री सोनेक्से सिपांडोने के साथ भी बैठक की। प्रधानमंत्री अब भारत के लिए रवाना हो चुके हैं पीएम मोदी ने 21वें आसियान–भारत और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी करने के लिए लाओस के प्रधानमंत्री को बधाई दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक पोस्ट में कहा कि भारत और लाओस के बीच साझेदारी को नई गति दी गई।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्ष्साय सिपानदोन ने दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से सार्थक चर्चा की, जिसमें विरासत संरक्षण और पुनरुद्धार, विकास साझेदारी, क्षमता निर्माण, आर्थिक संबंध, रक्षा, संस्कृति और दोनों देशों की जनता के स्तर पर संबंध सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान में बताया गया कि दोनों देशों के प्रधानमंत्री ने भारत और लाओस के बीच सभ्यतागत और समकालीन संबंधों को और मजबूत करने पर सार्थक बातचीत की। उन्होंने विकास साझेदारी, क्षमता निर्माण, आपदा प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा, विरासत पुनरुद्धार, आर्थिक संबंध, रक्षा सहयोग और दोनों देशों की जनता के स्तर पर संबंध जैसे द्विपक्षीय संबधों के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री सिपानदोन ने लाओ पीडीआर में 'तूफान यागी' के कारण आई बाढ़ के दौरान भारत की ओर से दी गई सहायता के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया।

# जिस इलाके में तैनात हैं भारतीय सैनिक, इजरायल के टैंकों ने बोला हमला, मोदी सरकार की तरफ से आया बड़ा रिएक्शन


विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम ब्लू लाइन पर बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को लेकर चिंतित हैं। हम स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र परिसर की हिंसा का सभी को सम्मान करना चाहिए और उचित कदम उठाने चाहिए। संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों की सुरक्षा और उनके जनादेश की पवित्रता सुनिश्चित करें।भारत ने दक्षिण लेबनान में तैनात संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की है। वे क्षेत्र में हिजबुल्लाह ठिकानों पर इजरायली बलों की गोलीबारी का शिकार हो गए थे। विशेष रूप से, 600 भारतीय सैनिक लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन का हिस्सा हैं, और इजराइल–लेबनान सीमा पर 120 किलोमीटर लंबी ब्लू लाइन पर तैनात हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम ब्लू लाइन पर बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को लेकर चिंतित हैं। हम स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र परिसर की हिंसा का सभी को सम्मान करना चाहिए और उचित कदम उठाने चाहिए। संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों की सुरक्षा और उनके जनादेश की पवित्रता सुनिश्चित करें।विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि संयुक्त राष्ट्र परिसरों की पवित्रता का सभी को सम्मान करना चाहिए तथा संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों की सुरक्षा और उनके कार्यक्षेत्र की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय किए जाने चाहिए। लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षण मिशन लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) ने 10 अक्टूबर को एक बयान में कहा कि ब्लू लाइन पर हाल में तनाव



बढ़ने से दक्षिण लेबनान में कस्बों और गांवों में व्यापक विनाश हो रहा है। बयान में आरोप लगाया गया, पिछले दिनों में, हमने नकौरा और अन्य क्षेत्रों में लेबनान में इजराइल की ओर से घुसपैठ देखी है। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) के सैनिकों ने लेबनान में हिजबुल्ला के तत्वों के साथ संघर्ष किया है। यूएनआईएफआईएल के प्रवक्ता ने बताया, वे इंडोनेशियाई नागरिक हैं। इंडोनेशिया भी यूएनआईएफआईएल में सैनिकों का एक प्रमुख योगदानकर्ता है। पूरे मामले पर अमेरिका की तरफ से भी प्रतिक्रिया आई है। व्हाइट हाउस ने कहा कि हम बहुत चिंतित हैं। हम जानते है कि इजरायल हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचे के खात्मे के लिए ब्लू लाइन के पास लक्षित अभियान चला रहा है। यह भी जरूरी है कि वह संयुक्त राष्ट्र शांति दूतों की सुरक्षा को खतरा न डाले।

# यूएन के ब्लू हेलमेट बेस पर ही अब इजरायल ने दाग दिए गोले, दोस्त अमेरिका–भारत सब टेंशन में आ गए, भारी न पड़ जाए नेतन्याहू को ये हरकत

यूएन मिशन ने कहा कि इस हमले में शांति रक्षकों को गंभीर चोटें नहीं आईं, लेकिन उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इटली के रक्षा मंत्रालय ने विरोध स्वरूप इजराइल के राजदूत को तलब किया। एक मशहूर लाइन है कि जो अपने देश के सीमाओं की हिफाजत नहीं कर सकता, वो देश आगे नहीं बढ़ सकता। सुरक्षा सबसे बड़ा फैक्टर होता है। संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना जिसे सशस्त्र संघर्ष के क्षेत्र में शांति बनाए रखने या फिर से स्थापित करने के लिए नियुक्त किया जाता है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र शांति सेना पर इजराइली सेना ने गोलीबारी की है। इजराइल की यह कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन बताई जा रही है। इजरायल के इस कदम से अमेरिका, भारत जैसे उसके मित्र देश भी टेंशन में आ गए हैं। वहीं यूएन मिशन ने कहा



कि इस हमले में शांति रक्षकों को गंभीर चोटें नहीं आईं, लेकिन उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इटली के रक्षा मंत्रालय ने विरोध स्वरूप इजराइल के राजदूत को तलब किया। यूएनआईएफआईएल के प्रवक्ता ने बताया, वे इंडोनेशियाई नागरिक हैं। इंडोनेशिया भी यूएनआईएफआईएल में सैनिकों का एक प्रमुख योगदानकर्ता है। पूरे मामले पर अमेरिका की तरफ से भी प्रतिक्रिया आई है। व्हाइट हाउस ने कहा कि हम बहुत चिंतित हैं। हम जानते है कि इजरायल हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचे के खात्मे के लिए ब्लू लाइन के पास लक्षित अभियान चला रहा है। यह भी जरूरी है कि वह संयुक्त राष्ट्र शांति दूतों की सुरक्षा को खतरा न डाले। संयुक्ध्त राष्ध्ट्र शांतिरक्षक सेना के प्रमुख ने कहा कि रविवार को 300 सैनिकों को दूसरी जगह पर तैनात करना पड़ा है। अभी 200 और सैनिकों को दूसरी जगह तैनात किया जाएगा। उन्ध्होंने कहा कि संयुक्ध्त राष्ध्ट्र शांतिरक्षक सैनिकों की सुरक्षा अब खतरे में पड़ रही है। लेबनान में यूएन शांति सेना के अधिकारी एंड्रिया टेनेन्टी ने बताया कि गोले और छोटे हथियारों से हमला किया गया। यूएन ने यह भी बताया कि पिछले 12 महीनों में यह उन पर हुआ सबसे बड़ा हमला है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 22 लोग मारे गए और 117 घायल हुए। बेरूत से सटे खासकर घनी आबादी वाले दक्षिणी उपनगरों में हाल ही में इजराइली हवाई हमलों में हिजबुल्ला के नेता हसन नसरल्ला और अन्य वरिष्ठ कमांडर मारे गए हैं। हिजबुल्ला ने पिछले वर्ष आठ अक्टूबर को हमास और फलस्तीनियों के समर्थन में इजराइल पर रॉकेट दागना शुरू किया था, जिसके जवाब में इजराइल ने हवाई हमले किए।

# विवादित समुद्र में चीन की 'खतरनाक' कार्रवाइयों से अमेरिका चिंतित Blinken ने आसियान से कहा


एंटनी ब्लिंकन ने दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के नेताओं से कहा कि अमेरिका विवादित दक्षिण चीन सागर में बीजिंग की "बढ़ती खतरनाक और गैरकानूनी" गतिविधियों को लेकर चिंतित है। ब्लिंकन ने आसियान की वार्षिक शिखर बैठक के दौरान संकल्प व्यक्त किया कि अमेरिका महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्ग में नौवहन की स्वतंत्रता को बनाए रखना जारी रखेगा। विएंतियान (लाओस) । अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के नेताओं से कहा कि अमेरिका विवादित दक्षिण चीन सागर में बीजिंग की "बढ़ती खतरनाक और गैरकानूनी" गतिविधियों को लेकर चिंतित है। ब्लिंकन ने आसियान की वार्षिक शिखर बैठक के दौरान संकल्प व्यक्त किया कि अमेरिका महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्ग में नौवहन की स्वतंत्रता को बनाए रखना जारी



रखेगा। दक्षिण–पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के 10 सदस्य देशों के नेताओं की ब्लिंकन के साथ बैठक, चीन और आसियान सदस्यों फिलीपीन और वियतनाम के बीच समुद्र में हिंसक टकरावों की एक शृंखला के बाद हुई है। जिससे यह चिंता बढ़ गई है कि जलमार्गों में चीन की बढ़ती आक्रामक कार्रवाइयां पूर्ण पैमाने पर संघर्ष में बदल सकती हैं। चीन लगभग पूरे समुद्र पर अपना दावा करता है, जबकि आसियान के सदस्य वियतनाम, फिलीपीन, मलेशिया और ब्रूनेई के साथ–साथ ताइवान के भी इसे लेकर अपने–अपने दावे हैं। वैश्विक व्यापार का लगभग एक तिहाई हिस्सा समुद्र से होकर गुजरता है, जो मछलियों, गैस और तेल से भी समृद्ध है। बीजिंग ने हेग स्थित संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध अदालत के 2016 के उस अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता फैसले को मंजूर करने से इनकार कर दिया है, जिसके तहत अदालत ने चीन के व्यापक दावों को अमान्य कर दिया था। इतना ही नहीं, बल्कि चीन ने अपने नियंत्रण वाले द्वीपों पर निर्माण कार्य और सैन्यीकरण कर दिया है। राष्ट्रपति जो बाइडन की तरफ से सम्मेलन में भाग ले रहे ब्लिंकन ने अमेरिका–आसियान शिखर सम्मेलन में अपने शुरुआती संबोधन में कहा, "हम दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती खतरनाक और गैर–कानूनी गतिविधियों को लेकर बहुत चिंतित हैं, जिनकी वजह से लोग घायल हुए हैं, आसियान देशों के जहाजों को नुकसान पहुंचा है और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान से जुड़ी प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन हुआ है।" उन्होंने कहा, "अमेरिका हिंद–प्रशांत क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता तथा उड़ान की स्वतंत्रता का समर्थन करना जारी रखेगा।" दक्षिण चीन सागर पर अमेरिका का कोई दावा नहीं है, लेकिन उसने चीन के दावों को चुनौती देने के लिए इस क्षेत्र में गश्त के वास्ते नौसेना के जहाज और लड़ाकू विमान तैनात कर दिए हैं।

# अमेरिकियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए ट्रंप के पास कोई योजना नहीं –कमला हैरिस


राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने अपने प्रतिद्वंदी और रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि वह (ट्रंप) केवल अपने बारे में ही सोचते हैं और अमेरिकियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उनके पास कोई योजना नहीं है।वाशिंगटन । अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने अपने प्रतिद्वंदी और रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि वह (ट्रंप) केवल अपने बारे में ही सोचते हैं और अमेरिकियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उनके पास कोई योजना नहीं है। एरिजोना में



अपने हजारों समर्थकों को संबोधित करते हुए हैरिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि ट्रंप ने पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले किसी भी तरह की बहस करने से आधिकारिक तौर पर इनकार कर दिया है। उन्होंने इसे मतदाताओं के साथ 'नाइंसाफी' बताया। हैरिस ने कहा, "मुझे भी लगता है कि यह उनका बहुत ही कमजोर कदम है। लेकिन अगर वह बहस नहीं भी करते हैं, तो भी इस चुनाव में अंतर पहले से ही स्पष्ट नजर आ रहा है।" हैरिस ने कहा कि देश के लोगों के लिए कई मुद्दे महत्वपूर्ण हैं, लेकिन ट्रंप के पास इस बारे में कहने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा, "हम अपने देश को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा संघर्ष करते रहेंगे और अपने सैनिकों का सम्मान करेंगे। इनके अलावा ऐसे कई और मुद्दे हैं, जो आपके और आपके परिवार के लिए महत्वपूर्ण हैं... लेकिन हम डोनाल्ड ट्रंप को ऐसा कहते हुए नहीं सुनते हैं। हम उन्हें इन मुद्दों के बारे में बात करते हुए नहीं सुनते हैं।" अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा, "इन मुद्दों पर बात करने के बजाय ट्रंप के पास वही पुरानी घिसी–पिटी रणनीति है। उनके पास अमेरिकी लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कोई योजना नहीं है। उनका ध्यान सिर्फ अपने आप पर है। खैर, अब बदलाव का समय आ गया है।" हैरिस ने कहा कि अमेरिका एक नये रास्ते पर अग्रसर है और वह नये आशावादी नेतृत्व को अपनाने के लिए तैयार है।

# नोबेल शांति पुरस्कार का ऐलान, जापानी संगठन निहोन हिडांक्यो को चुना गया


1956 में गठित निहोन हिडानक्यो जापान में परमाणु बम पीड़ितों का सबसे बड़ा और सबसे प्रभावशाली संगठन है। इसका मिशन परमाणु हथियारों के विनाशकारी मानवीय परिणामों के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। अगस्त 1945 में हुई तबाही की अपनी व्यक्तिगत कहानियों को साझा करके, हिबाकुशा हिरोशिमा और नागासाकी के बचे लोगों ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु वर्जना को आकार देने में मदद की है, जो परमाणु हथियारों के उपयोग को नैतिक रूप से अस्वीकार्य के रूप में कलंकित करने वाला एक शक्तिशाली मानदंड है। नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने हिरोशिमा और नागासाकी के परमाणु बम विस्फोटों से बचे लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाले जापानी संगठन निहोन हिडानक्यो को 2024 नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया है। समूह को परमाणु मुक्त दुनिया की वकालत करने और परमाणु युद्ध की भयावहता पर अपनी शक्तिशाली गवाही के लिए अपने काम के लिए सम्मानित किया गया। नॉर्वे नोबेल समिति के अध्यक्ष जॉर्गन वात्ने फ्रिदनेस ने शुक्रवार को पुरस्कार की घोषणा करते हुए कहा कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के निषेध को लेकर बनी सहमति दबाव में है और इसलिए इस संगठन को पुरस्कार दिया जा रहा है।1956 में गठित निहोन हिडानक्यो जापान में परमाणु बम पीड़ितों का सबसे बड़ा और सबसे प्रभावशाली संगठन है। इसका मिशन परमाणु हथियारों के विनाशकारी मानवीय परिणामों के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। अगस्त



1945 में हुई तबाही की अपनी व्यक्तिगत कहानियों को साझा करके, हिबाकुशा हिरोशिमा और नागासाकी के बचे लोगों ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु वर्जना को आकार देने में मदद की है, जो परमाणु हथियारों के उपयोग को नैतिक रूप से अस्वीकार्य के रूप में कलंकित करने वाला एक शक्तिशाली मानदंड है। नोबेल समिति ने परमाणु हथियारों के वैश्विक विरोध को उत्पन्न करने और बनाए रखने के उनके अटूट प्रयासों के लिए निहोन हिडानक्यो की प्रशंसा की, यह देखते हुए कि उनकी गवाही ने ऐसे हथियारों के कारण होने वाले अतुलनीय दर्द और पीड़ा की एक अनूठी, प्रत्यक्ष समझ प्रदान की है। समिति ने अपनी घोषणा में कहा, हिबाकुशा हमें अवर्णनीय का वर्णन करने, अकल्पनीय सोचने में मदद करती है।

# केजरीवाल का फार्मूला ट्रंप को आया पसंद

ट्रंप के संदेश को रीट्वीट करते हुए केजरीवाल ने कहा कि ट्रंप ने घोषणा की है कि वह बिजली की दरें आधी कर देंगे। फ्री की रेवड़ी अमेरिका पहुंची। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को केजरीवाल की अपनी चुनौती के बाद आया है।आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर अक्सर उनके विरोधियों की तरफ से फ्री की रेवड़ि बांटने के आरोप लगाते हुए निशाना साधा जाता है। अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को अपने एक्स अकाउंट पर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक वीडियो पोस्ट किया है। ट्रम्प ने डेट्रॉइट इकोनॉमिक क्लब में बोलते हुए निर्वाचित होने पर एक साल के भीतर बिजली की लागत आधी करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि मैं 12 महीनों के भीतर



ऊर्जा और बिजली की कीमत आधी कर दूंगा। हम गंभीरता से अपनी पर्यावरणीय मंजूरी में तेजी लाएंगे और अपनी बिजली क्षमता को जल्दी से दोगुना कर देंगे। इससे मुद्रास्फीति कम हो जाएगी और अमेरिका और मिशिगन पृथ्वी पर सबसे अच्छी जगह बन जाएंगे। ट्रंप के संदेश को रीट्वीट करते हुए केजरीवाल ने कहा कि ट्रंप ने घोषणा की है कि वह बिजली की दरें आधी कर देंगे। फ्री की रेवड़ी अमेरिका पहुंची। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को केजरीवाल की अपनी चुनौती के बाद आया है। इससे पहले पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने बीते रविवार को दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला था। केजरीवाल ने कहा कि अगर पीएम मोदी भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) द्वारा शासित सभी 22 राज्यों में मुफ्त बिजली लागू करते हैं तो वह आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा के लिए प्रचार करेंगे। केजरीवाल ने भाजपा की डबल इंजन सरकारों पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि वे देश भर में विफल हो रही हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता समझ चुकी है कि डबल इंजन सरकार का मतलब महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री राष्ट्रीय राजधानी में मुफ्त बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसी रियायती सेवाओं को लोगों के लिए अपनी छह रेवड़ी के रूप में प्रचारित कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी सत्ता में आई तो ये मुफ्त सेवाएं बंद कर दी जाएंगी।

# पाकिस्तान के इस इमाम ने ऐसा क्या कह दिया कि भड़क गए इटली पीएम मेलोनी ने बोरिया

इस इमाम का नाम जुल्फिकार खान है, जिसकी पैदाइश तो पाकिस्तान की है। लेकिन बीते कई सालों से वो इटली के बोलोग्ना शहर में रहता था। लेकिन हाल ही में इस कट्टर मौलाना पर मेलोनी सरकार का हंटर चल गया और देश से निकालने का फरमान जारी हो गया। इमाम जुल्फिकार खान आतंकी सगठन हमास का कट्टर समर्थक है। पाकिस्तान से आकर इटली में रहने वाले एक इमाम ने अपने जहरीले बयानों से जॉर्जिया मेलोनी की सरकार को परेशान कर रखा था। फिर क्या था। इटली की पीएम ने कट्टरपंथी इमाम को देश से निकालने का फैसला दे दिया। इतना ही नहीं पाकिस्तानी इमाम का निवास परमिट भी हमेशा हमेशा के लिए रद्द कर दिया गया। दरअसल, पाकिस्तान का कट्टरपंथी मौलाना जिसकी जुबान से सिर्फ और सिर्फ जहरीली तकरीरें निकलती थी। जो कट्टरपंथी सोच का सबसे बड़ा ठेकेदार था। जो हमास जैसे आतंकी गुट को फ्रीडम फाइटर बताता है। जिसने इजरायल को हत्यारा और अमेरिका को आतंकी करार दिया। इटली में रहने वाले पाकिस्तानी इमाम को इटली की पीएम मेलोनी ने देश निकाला का आदेश दे दिया। इस इमाम का नाम जुल्फिकार खान है, जिसकी पैदाइश तो पाकिस्तान की है। लेकिन बीते कई सालों से वो इटली के बोलोग्ना शहर में रहता था। लेकिन हाल ही में इस कट्टर मौलाना पर मेलोनी सरकार का हंटर चल गया और देश से निकालने का फरमान जारी हो गया। इमाम जुल्फिकार खान आतंकी सगठन हमास का कट्टर समर्थक है। इस इमाम ने गाजा जंग को लेकर कई आपत्तिजनक वीडियो भी डाले। जुल्फिकार खान ने इजरायल और अमेरिका को हत्यारा करार दिया। इतना ही नहीं इस कट्टर मौलाना ने इटली सरकार के खिलाफ भी जहर उगला। 8 अक्टूबर को मेलोनी सरकार ने जुल्फिकार को देश से निकालने का आदेश दिया। इटली से निकालने के साथ ही जुल्फिकार का निवास परमिट भी रद्द किया गया। 54 साल का कट्टरपंथी इमाम जुल्फिकार खान पाकिस्तानी नागरिक है। जो साल 1995 में इटली पहुंचा था। पहले तो ये कट्टरपंथी इमाम इस्लाम की बातें करता था। लेकिन धीरे धीरे ये इटली सरकार के लिए नासूर बनता गया। वो मुसलमानों द्वारा सरकारी टैक्स का भुगतान करने का विरोध करने की वकालत करना था। दावा करता था कि देश के सारे संसाधन मुस्लिम समुदाय के भीतर ही रहने चाहिए। इसके अलावा उसने समलैंगिकता को एक बीमारी करार दिया ।

# जो रूट ने लारा समेत 6 बल्लेबाजों का रिकार्ड किया ध्वस्त, फैब 4 में विराट कोहली से आगे निकले




जो रूट ने पाकिस्तान के खिलाफ 262 रन की पारी के दम पर ब्रायन लारा समेत 6 खिलाड़ियों का रिकॉर्ड एक साथ तोड़ दिया जबकि फैब फोर में विराट कोहली के इस रिकॉर्ड को भी तोड़ डाला। इसी के साथ मुल्तान में पाकिस्तान को हराकर इंग्लैंड ने सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली। पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने जो रूट और हैरी ब्रूक की खतरनाक बल्लेबाजी की। इसी बल्लेबाजी के दम पर दोनों ने पाकिस्तान को 3 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में पारी और 47 रन से हरा दिया। इसी के साथ मुल्तान में पाकिस्तान को हराकर इंग्लैंड ने सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली। इस मैच में जो रूट ने 262 रन की पारी जबकि हैरी ब्रूक ने उनका भरपूर साथ निभाया और 317 रन की पारी खेली। जो रूट ने 262 रन की पारी के दम पर ब्रायन लारा समेत 6 खिलाड़ियों का रिकॉर्ड एक साथ तोड़ दिया जबकि फैब फोर में विराट कोहली के इस रिकॉर्ड को भी तोड़ डाला। पाकिस्तान के खिलाफ रूट ने 262 रन की पारी खेली और ये टेस्ट क्रिकेट में उनका बेस्ट स्कोर रहा साथ ही टेस्ट प्रारूप में ये उनका छठा दोहरा शतक भी था। रूट ने 6 दोहरे शतक में तीसरी बार एशियाई धरती पर दोहरा शतक लगाने का कमाल किया और लारा समेत 6 खिलाड़ियों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। जो रूट अब एशियाई धरती पर टेस्ट में सबसे ज्यादा दोहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रूट ने एशियाई धरती पर बतौर विदेशी बल्लेबाज तीसरा दोहरा शतक लगाया और ब्रायन लारा, रोहन कन्हाई, स्टीफन फ्लेमिंग, एबी डिविलियर्स, ग्रीम स्मिथ और ब्रैंडन मैकुलम को पीछे छोड़ दिया। इन सभी बल्लेबाजों ने बतौर विदेशी खिलाड़ी एशिया में टेस्ट क्रिकेट में दो–दो दोहरे शतक लगाए हैं। विराट कोहली से आगे निकले रूट इसके अलावा फैब फोर में अब जो रूट के नाम पर टेस्ट का सबसे बेस्ट स्कोर हो गया। जो रूट से पहले फैब फोर में टेस्ट क्रिकेट का बेस्ट स्कोर विराट कोहली के नाम दर्ज था। जिन्होंने 254 रन बनाए थे और अब रूट ने 262 रन बनाकर उन्हें पीछे छोड़ दिया। केन विलियमसन का बेस्ट स्कोर टेस्ट में 251 रन है और वो तीसरे जबकि स्टीव स्मिथ का बेस्ट स्कोर 239 रन है और वे चौथे नंबर पर हैं।

# बीजीटी में आग लगानी है... फैन का सवाल सुन विराट कोहली का ऐसा था रिएक्शन

न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत टेस्ट सीरीज खेलेगा, जिसके लिए विराट कोहली वतन लौट आए हैं। इस दौरान कोहली मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए, वहीं कुछ फैन खिलाड़ी के साथ तस्वीर लेते हुए नजर आए तो कुछ उनसे बातचीत करने की कोशिश करते दिखे। 16 अक्टूबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत टेस्ट सीरीज खेलेगा, जिसके लिए विराट कोहली वतन लौट आए हैं। इस दौरान कोहली मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए, वहीं कुछ फैन खिलाड़ी के साथ तस्वीर लेते हुए नजर आए तो कुछ उनसे बातचीत करने की कोशिश करते दिखे। इस दौरान एक फैन ने कहा कि बीजीटी में आग लगानी, इस पर विराट कोहली थोड़ा चौंक गाए और हैरान होते हुए सवाल पूछा। एयरपोर्ट पर गाड़ी में बैठने के दौरान एक फैन ने कहा कि, बीजीटी में आग लगानी है। इस पर कोहली ने पूछा किस किसमें? इस पर फैन ने जवाब दिया, बीजीटी में। जिस पर कोहली ने हां में जवाब देते हुए सहमति जताई। कोहली अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण इस साल जनवरी से मार्च तक इंग्लैंड के खिलाफ पूरी घरेलू सीरीज से बाहर रहे थे। विराट कोहली हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ समाप्त हुई टेस्ट सीरीज में खेले थे। हालांकि, वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके। पहले मैच में उन्होंने 23 रन बनाए, जबकि दूसरे मैच में 76 रन बनाए। बीसीसीआई न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा जल्द ही कर सकता है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत 16 अक्टूबर से बेंगलुरु में होगी। न्यूजीलैंड टीम भारत दौरे पर बेंगलुरु, पुणे और मुंबई में टेस्ट खेलेगी। श्रीलंका के खिलाफ 0–2 से मिली हार के बाद टिम साउदी ने कप्तानी हटने के बाद टीम की कमान टॉम लेथन हाथों है।



# फाइनल की रेस से बाहर हुआ पाकिस्तान, इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली हार




मुल्तान में खेले गए पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट मैच खेला गया जिसे इंग्लैंड ने 47 रनों से जीत लिया। वहीं इस हार से पाकिस्तान क्रिकेट टीम आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप के फाइनल खेलने का सपना टूटता दिख रहा है। इंग्लैंड के हाथों मिली हार के बाद पाकिस्तान की टीम इस रेस से बाहर हो गई है।पाकिस्तान क्रिकेट फैंस को बड़ा झटका लगा है। मुल्तान में खेले गए पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट मैच खेला गया जिसे इंग्लैंड ने 47 रनों से जीत लिया। वहीं इस हार से पाकिस्तान क्रिकेट टीम आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप के फाइनल खेलने का सपना टूटता दिख रहा है। इंग्लैंड के हाथों मिली हार के बाद पाकिस्तान की टीम इस रेस से बाहर हो गई है। मैच के पांचवें और आखिरी दिन पाकिस्तान ने इस मैच को ड्रॉ कराने की पूरी कोशिश की लेकिन सलमान आगा और आमेर जमाल की जोड़ी इस काम में सफल नहीं हो सकी। आखिरी दिन शुक्रवार को इंग्लैंड को जीतने के लिए चार विकेट चाहिए थे और जैक लीच ने इनमें से तीन विकेट झटके। दूसरी पारी में पाकिस्तान के नौ ही विकेट गिरे क्योंकि अबरार अहमद बीमार होने के कारण अस्पताल में भर्ती हैं इसलिए बल्लेबाजी करने उतर नहीं सके। इस मैच के बाद अगर वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप की स्थिति देखी जाए तो पाकिस्तान फाइनल की रेस से बाहर हो गई है। पाकिस्तान के आठ मैचों में दो जीत और 6 हार के साथ 16 अंक हैं। उसका अंक प्रतिशत 16.67 है। पाकिस्तान इसी के साथ डब्ल्यूटीसी की प्वाइंट्स टेबल में खिसकर कर सबसे आखिरी में नौवें नंबर पर आ गई है और उसके फाइनल में पहुंचने के चांस खत्म हो चुके हैं। वहीं इंग्लैंड की स्थिति देखी जाए तो उसने इस जीत के बाद अपनी फाइनल खेलने की उम्मीदों को बढ़ाया है। हालांकि, उसे अभी बाकी काम करना है और आगे के मैचों में जीत ही उसे फाइनल में पहुंचा सकती है। इंग्लैंड के 17 मैचों में 9 जीत और सात हार के बाद 93 अंक हैं और उसका पॉइंट्स परसेंटेज 45.59 है।

# आपको 20 विकेट लेने के तरीके तलाशने होंगे जो हम नहीं कर पा रहे – मसूद



कप्तान शान मसूद ने स्वीकार किया कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 556 रन बनाने के बावजूद मिली शर्मनाक हार से वह मायूस हैं। पाकिस्तान किसी टेस्ट की पहली पारी में 500 से अधिक रन बनाने के बावजूद हारने वाली पहली टीम बन गई। मसूद ने कहा कि फिर हारना निराशाजनक है। मुल्तान । पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने स्वीकार किया कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 556 रन बनाने के बावजूद मिली शर्मनाक हार से वह मायूस हैं। पाकिस्तान किसी टेस्ट की पहली पारी में 500 से अधिक रन बनाने के बावजूद हारने वाली पहली टीम बन गई। मसूद ने मैच के बाद मीडिया से कहा ,'' फिर हारना निराशाजनक है। इंग्लैंड ने मैच जीतने का रास्ता बनाया। कड़वी सच्चाई यही है कि टेस्ट क्रिकेट में बेहतरीन टीमें जीत के रास्ते बना लेती हैं।'' मसूद ने पहली पारी में 151 रन बनाये थे जिसकी मदद से पाकिस्तान ने बड़ा स्कोर बनाया लेकिन इंग्लैंड ने पहली पारी सात विकेट पर 823 रन पर घोषित की। हैरी ब्रूक ने 317 और जो रूट ने 262 रन बनाये। मसूद ने कहा ,' मैं यह नहीं कहूंगा कि मानसिक रूप से मेरी टीम कमजोर है लेकिन हमें लगा था कि तीसरे दिन पिच टूटने लगेगी। लेकिन आखिरकार आपको 20 विकेट लेने आने चाहिये और पिछले कुछ समय से हम ऐसा नहीं कर पा रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने मुल्तान में 2022 के बाद पहली बार टेस्ट खेला और क्यूरेटर या मैदानकर्मियों से बात करने का मौका नहीं मिल सका।

उन्होंने कहा ,'' इस बार मुल्तान में दोनों टीमें अलग थीं लेकिन हमें हालात के अनुरूप ढलना सीखना होगा क्योंकि पिचों का स्वभाव रोज बदलता है।'' बाबर आजम के लगातार खराब फॉर्म के बारे में उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में आप उम्मीद करते हैं कि बाबर जैसे खिलाड़ी अगली पारी बड़ी खेलेंगे।

उन्होंने कहा ,''हम बैठकर आत्ममंथन करेंगे और अगले टेस्ट की टीम पर फैसला लेंगे।

# फाइनल की रेस से बाहर होनें पर पाकिस्तान पर भड़के दिग्गज सुनाई खरी– खरी

मुल्तान में खेले गए पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट मैच खेला गया जिसे इंग्लैंड ने 47 रनों से जीत लिया। इस रेस से बाहर हो गई है। पाकिस्तान क्रिकेट फैंस को बड़ा झटका लगा है। मुल्तान में खेले गए पाकिस्तान और इंग्लैंड के



वहीं इस हार से पाकिस्तान क्रिकेट टीम आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप के फाइनल खेलने का सपना टूटता दिख रहा है। इंग्लैंड के हाथों मिली हार के बाद पाकिस्तान की टीम बीच पहले टेस्ट मैच खेला गया जिसे इंग्लैंड ने 47 रनों से जीत लिया। वहीं इस हार से पाकिस्तान क्रिकेट टीम आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप के फाइनल खेलने का सपना टूटता दिख रहा है। इंग्लैंड के हाथों मिली हार के बाद पाकिस्तान की टीम इस रेस से बाहर हो गई है। मैच के पांचवें और आखिरी दिन पाकिस्तान ने इस मैच को ड्रॉ कराने की पूरी कोशिश की लेकिन सलमान आगा और आमेर जमाल की जोड़ी इस काम में सफल नहीं हो सकी। आखिरी दिन शुक्रवार को इंग्लैंड को जीतने के लिए चार विकेट चाहिए थे और जैक लीच ने इनमें से तीन विकेट झटके। दूसरी पारी में पाकिस्तान के नौ ही विकेट गिरे क्योंकि अबरार अहमद बीमार होने के कारण अस्पताल में भर्ती हैं इसलिए बल्लेबाजी करने उतर नहीं सके। इस मैच के बाद अगर वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप की स्थिति देखी जाए तो पाकिस्तान फाइनल की रेस से बाहर हो गई है। पाकिस्तान के आठ मैचों में दो जीत और 6 हार के साथ 16 अंक हैं। उसका अंक प्रतिशत 16.67 है। पाकिस्तान इसी के साथ डब्ल्यूटीसी की प्वाइंट्स टेबल में खिसकर कर सबसे आखिरी में नौवें नंबर पर आ गई है और उसके फाइनल में पहुंचने के चांस खत्म हो चुके हैं। वहीं इंग्लैंड की स्थिति देखी जाए तो उसने इस जीत के बाद अपनी फाइनल खेलने की उम्मीदों को बढ़ाया है। हालांकि, उसे अभी बाकी काम करना है और आगे के मैचों में जीत ही उसे फाइनल में पहुंचा सकती है। इंग्लैंड के 17 मैचों में 9 जीत और सात हार के बाद 93 अंक हैं और उसका पॉइंट्स परसेंटेज 45.59 है।

## भारत के खिलाफ सीरीज से पहले न्यूजीलैंड के कप्तान ने दिखाए आक्रामक तेवर

भारत और न्यूजीलैंड के बीच इसी महीने टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। जिसे लिए न्यूजीलैंड टीम को भारत दौरे पर आना है, और इस दौरे पर केन विलियमसन की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज टॉम लैथम को टीम की कमान सौंपी गई है। बांग्लादेश के खिलाफ भारत और न्यूजीलैंड के बीच इसी महीने टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। जिसे लिए न्यूजीलैंड टीम को भारत दौरे पर आना है, और इस दौरे पर केन विलियमसन की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज टॉम लैथम को टीम की कमान सौंपी गई है। लेकिन सीरीज से पहले कप्तान टॉम लैथम ने टीम इंडिया को चुनौती दे डाली है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। सीरीज से पहले टीम साउदी ने कप्तानी से इस्तीफा दे दिया और ऐसे में लैथम को कप्तानी सौंपी गई है। साउदी ने इस्तीफा श्रीलंका में मिली हार के बाद दिया है। कप्तान के तौर पर लैथम का पहला असाइनमेंट भारत दौरा है जो काफी मुश्किल माना जाता है। कप्तान बनने के बाद लैथम ने अपनी टीम के खिलाड़ियो से कहा है कि वह भारत के खिलाफ बिना डर के खेले। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड की टीम भारत को उसके घर में चुनौती देगी। उन्होंने कहा कि, मेरे विचार में हमें अच्छा काम जारी रखना चाहिए।

# गीले बालों को सुखाते वक्त न करें ये गलतियां, घने बाल भी हो जाएंगे पतले

घने, लंबे और लहराते बाल भला किसे पसंद नहीं होते हैं. लेकिन क्या आपको पता है आपती छोटी–छोटी गलतियां आपको बालों को नुकसान पहुंचाती हैं. बालों की केयर करने का सबसे पहला व बेसिक स्टेप होता है उन्हें वॉश करना. बालों को शैम्पू करने के बाद अक्सर लड़कियां उन्हें एयर ड्राई करती हैं. लेकिन क्या आपको पता है अगर आप गीले बालों को सुखाते वक्त कुछ गलतियां करते होंगे तो इससे आपको घने से घने बाल भी डैमेज और पतले हो जाएंगे. ये गलतियां इतनी छोटी होती हैं कि इन पर हमारा ध्यान ही नहीं जाता है, लेकिन इससे आपके बालों व उसकी हेल्थ पर काफी गहरा असर पड़ता है. आइए जानते हैं इसके बारे में.लीव–इन कंडीशनर का यूज

कई बार लड़कियां हेयर वॉश करने के बाद लीव–इन कंडीशनर का इस्तेमाल करना जरूरी नहीं समझती हैं, लेकिन ये गलत है. अगर आप हवा में सुखाने से पहले लीव–इन कंडीशनर या डिटैंगलिंग स्प्रे का इस्तेमाल नहीं करते हैं तो इससे बालों को अतिरिक्त आवश्यक नमी नहीं मिल पाती है और इससे वे रूखेपन की वजह से टूटने लगते हैं. जिससे वे समय के साथ बाल पतले होते चले जाते हैं.तौलिए से बालों को झटकनाकई लोगों की आदत होती है कि वो हेयर वॉश करने के बाद तौलिए से बालों को झटकते हैं. गीले बालों को सुखाते समय की जाने वाली यह एक कॉमन मिसटेक है. अमूमन यह देखने में आता है कि जब हम हेयर वॉश करते हैं तो उसके बाद बालों को सुखाने के लिए तौलिए की मदद से उसे जोर से झटकने लगते हैं. लेकिन इससे हेयर फॉल बहुत अधिक होता है.गीले बालों में कॉम्ब करना

कई बार जल्दबाजी में लोग गीले बालों को ही कॉम्ब करना शुरू कर देते हैं. इससे बालों को नुकसान होता है. जब आप गीले बालों को कंघी करते हैं तो उस दौरान वे काफी नाजुक होते हैं. ऐसे में कंघी करने से वे टूटने लगते हैं. इसलिए, आपको गीले बालों में कंघी करने से बचना चाहिए.

टाइट पोनीटेल बनाना



जो लोग गीले बालों में अक्सर हेयर स्टाइल बनाते हैं उनके बाल भी कमजोर हो जाते हैं. हम जब गीले बालों को सुखाते हैं तो उस समय टाइट पोनीटेल, बन या ब्रेड बनाते हैं. जिससे बाल बहुत अधिक टूटने लगते हैं. दरअसल, जब बाल गीले होते हैं और जब हेयर स्टाइल बनाया जाता है तो उस दौरान बालों को तेजी से खींचा जाता है, जिससे वे टूटते हैं और पतले होने लगते हैं.।

# फेस्टिव सीजन के लिए फेस पाउडर चुनते और अप्लाई करते वक्त इन बातों का रखें ख्याल

फेस्टिव सीजन शुरू हो गया है. अभी नवरात्र चल रहे हैं. फिर करवा चौथ आने वाला है. इसके बाद दीपोत्सव की शुरुआत हो जाएगी. ऐसे में अगर आप भी सबसे सुंदर दिखना चाहती हैं तो आपको छोटी–छोटी चीजों का ध्यान रखना पड़ेगा. आपके कपड़ें हो या फिर आपका मेकअप दोनों ही चीजें आपके लुक को रिच दिखाने में मदद करती हैं. ऐसे में बेहद जरूरी है मेकअप के हर एक स्टेप के बारे में सही जानकारी और प्रोडक्ट का सही तरह से इस्तेमाल करना आपको आना चाहिए. आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि फेस पाउडर का मेकअप के दौरान कैसे करना है इस्तेमाल और इसे खरीदते वक्त किन बातों का रखें ध्यान.

कॉम्पैक्ट पाउडर क्यों है जरूरीफेस पाउडर को ही कॉम्पैक्ट पाउडर के नाम से भी जाना जाता है, जो मेकअप का एक जरूरी हिस्सा होता है. मेकअप लंबे समय तक टिका रहे इसके लिए फेस पाउडर जरूर इस्तेमाल किया जाता है. अक्सर महिलाएं कंफ्यूज रहती हैं कि उन्हें कौन सा पाउडर चुनना चाहिए. आइए जानते हैं इसके बारे में.

स्किन टाइप और कॉम्पैक्ट शेड

अक्सर लोग इस गलतफहमी में होते हैं कि फेस पाउडर जितना महंगा होगा उतना अच्छा होगा, लेकिन ये गलत है. महंगा नहीं बल्कि ये आपकी स्किन टोन से मैच करता हुआ होना चाहिए. ऐसा फेस पाउडर यूज करें जो दिखने में नेचुरल लगे. किसी वजह से स्किन टोन से मैचिंग पाउडर नहीं मिलता, तो ट्रांसल्यूसेंट पाउडर का इस्तेमाल करें.

कितने तरह से होते हैं फेस पाउडर?मैट पाउडररू जिन लोगों की स्कीन ऑयली होती है उसके लिए ये फायदेमंद है. यह स्किन से एक्स्ट्रा ऑयल एब्जॉर्ब करने के काम आता है. लूज पाउडररू यह देखने में बिल्कुल नॉर्मल पाउडर के जैसा ही लगता है और स्किन को इवन कर हल्की चमक देता है.

प्रेस पाउडररू मेकअप के बाद टचअप के लिए इसी पाउडर का इस्तेमाल किया जाता है. शीयर पाउडररू इस पाउडर का इस्तेमाल चेहरे को एक्स्ट्रा ग्लो. देने के लिए हमेशा मेकअप के बाद किया जाता है.



कैसे पहचानें सही पाउडर?

अब आप सोच रहे होंगे कि सही पाउडर की पहचान कैसे करें. अच्छी क्वॉलिटी का फेस पाउडर हल्का और सिल्की टेक्सचर वाला होता है.

# सिंघम अगेन से क्लैश के बावजूद धुंआधार कमाई करेगी भूल भुलैया 3, बनेगी फ्रेंजाइजी की बिगेस्ट ओपनर!

इस बार की दिवाली बेहद खास होने वाली है. दो बिग बजट फिल्में भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन रिलीज हो रही हैं. दोनों ही फिल्मों के ट्रेलर रिलीज हो गए हैं और फैंस ने भर–भरकर प्यार दिया. दिवाली पर जबरदस्त क्लैश देखने को मिलने वाला है.

ट्रेलर के बाद अजय देवगन की फिल्म की तरफ फैंस थोड़े से बायस्ड दिख रहे हैं. हालांकि, खबरें हैं कि इसके बावजूद कार्तिक आर्यन की फिल्म पर कुछ खास असर नहीं दिखेगा. भूल भुलैया 3 फ्रेंजाइजी की सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली मूवी बन सकती है. कोईमोई की रिपोर्ट के मुताबिक, भूल भुलैया 3 पहले दिन इंडियन बॉक्स ऑफिस पर



नेट 17 से 20 करोड़ की कमाई कर सकती है. जो कि भूल भुलैया के दोनों पार्ट से ज्यादा होगा. भूल भुलैया 2 ने पहले दिन 14. 11 करोड़ कमाए थे.मालूम हो कि बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर ऑफिशियली कुछ भी सामने नहीं आया है. भूल भुलैया 3 की बात करें तो इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, माधुरी दीक्षित, विद्या बालन, तृप्ति डिमरी जैसे स्टार्स हैं. इस फिल्म के लिए कार्तिन मोटी फीस ली है. ये कार्तिक के करियर की अबतक की सबसे बड़ी फिल्म है. फैंस को इस फिल्म और कार्तिक से काफी उम्मीदें हैं. वहीं फैंस विद्या बालन और माधुरी दीक्षित का डांस फेसऑफ भी देखने के लिए बेसब्र हैं. फिल्म में विद्या और माधुरी मंजुलिका के रोल में हैं. फिल्म के ट्रेलर को 46 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं. फिल्म को अनीस बज्मी ने डायरेक्ट किया है.सिंघम अगेन की बात करें तो इसमें अक्षय कुमार, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, अर्जुन कपूर, जैकी और टाइगर श्रॉफ जैसे स्टार्स भी नजर आएंगे. फिल्म को रोहित शेट्टी ने डायरेक्ट किया है. खबरें हैं कि इंडियन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म से 50 करोड़ से ज्यादा की ओपनिंग की उम्मीद लगाई गई है.

# निखिल सिद्धार्थ स्टारर अप्पुडो इप्पुडो एप्पुडो का फर्स्ट लुक जारी

कार्तिकेय 2 से देशभर में लोकप्रियता हासिल करने वाले निखिल फिलहाल कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। अभिनेता निखिल, जो लगातार हिट फिल्में दे रहे हैं, और बहुमुखी निर्देशक सुधीर वर्मा, जो अपनी विभिन्न फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, के साथ एक एक्शन एंटरटेनर का निर्माण किया जा रहा है। इस दिलचस्प जोड़ी ने पहले ब्लॉकबस्टर फिल्मों स्वामी रारा और केशव में साथ काम किया था।

प्रमुख प्रोडक्शन हाउस श्री वेंकटेश्वर सिने चित्रा एलएलपी इस प्रोजेक्ट को अपनी 32वीं फिल्म के रूप में प्रोड्यूस कर रहा है। इसे वरिष्ठ और बेबाक निर्माता बीवीएसएन प्रसाद द्वारा वित्तपोषित किया जा रहा है, जिन्होंने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में बनाई हैं। आज, फिल्म का पहला लुक और उसका दिलचस्प शीर्षक सामने आया। फिल्म का नाम अप्पुडो इप्पुडो इप्पुडो रखा गया है, जिसमें एक दिलचस्प कार तत्व है जो जिज्ञासा बढ़ाता है।

पहली झलक में निखिल और रुक्मिणी वसंत टहलते हुए नजर आ रहे हैं। निखिल स्टाइलिश अवतार में आकर्षक लग रहे हैं, जबकि रुक्मिणी वसंत अपनी खूबसूरती से मंत्रमुग्ध कर रही हैं। पहली झलक प्रभावशाली है और एक मनोरंजक अनुभव का वादा करती है। ब्लॉकबस्टर स्वामी



रारा की जोड़ी एक बार फिर दर्शकों को रोमांचित और गुदगुदाने के लिए वापस आ गई है। इस रोमांचक सहयोग से उम्मीदें बहुत ज़्यादा हैं क्योंकि उनका लक्ष्य अप्पुडो इप्पुडो इप्पुडो के साथ हैट्रिक बनाना है।कन्नड़ अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत, जिन्होंने अच्छी लोकप्रियता हासिल की है, इस फिध्ल्म से अपना तेलुगु डेब्यू कर रही हैं। खूबसूरत दिव्यांशा कौशिक ने एक प्रमुख भूमिका निभाई है, साथ ही हर्षा चेमुडु भी एक प्रमुख भूमिका में हैं। योगेश सधाकर, सुनील शाह और राजा सुब्रमण्यम फिध्ल्म का सह–निर्माण कर रहे हैं। बापीनेडु बी इस प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट को प्रस्तुत कर रहे हैं। गायक कार्तिक गाने की रचना कर रहे हैं, जबकि सनी एमआर बैकग्राउंड स्कोर संभाल रहे हैं। रिचर्ड प्रसाद सिनेमैटोग्राफी के प्रभारी हैं, और नवीन नूली संपादन का काम संभाल रहे हैं। अप्पुडो इप्पुडो एप्पुडो इस दिवाली पर सिनेमाघरों में भव्य रिलीज के लिए तैयार है।

## ओटीटी पर भी शुरू हो चुका है सरकटे का आतंक, अमेजन प्राइम पर हुई रिलीज

श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर खूब जादू चलाया है. उनकी फिल्म को इतना पसंद किया गया कि ये फिल्म डेढ़ महीने तक सिनेमाघरों पर टिकी रही है. हॉरर–कॉमेडी फिल्म को आज के समय में बहुत पसंद किया जा रहा है. ये एक ऐसा जॉनर बन गया है जिसकी फिल्में जैसे ही रिलीज हो रही हैं वो बॉक्स ऑफिस पर छा जा रही हैं. सिनेमाघरों पर धमाल मचाने के बाद अब ओटीटी पर स्त्री 2 रिलीज हो गई है. फिल्म के



ओटीटी पर रिलीज होने का फैंस लंबे समय से इतंजार कर रहे थे. अब ये इंतजार खत्म हो गया है. ओटीटी प्लेटफॉर्म ने भी इसकी ऑफिशियल जानकारी दे दी है.

स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव के साथ पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी अहम किरदार निभाते नजर आए हैं. फिल्म में अक्षय कुमार का कैमियो है. जो अगले पार्ट में बड़े रोल में नजर आएगा.

स्त्री 2 को अमेजन प्राइम पर रिलीज कर दिया गया है. फिल्म को आप फ्री में देख सकते हैं. अब ये फिल्म रेंटल पर नहीं है. अमेजन प्राइम ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके स्त्री 2 की ओटीटी रिलीज की जानकारी दी है. उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा– स्त्री आ चुकी है. स्त्री प्राइम पर. इसका वीडियो बहुत मजेदार है. हर कोई चीखता हुआ ही नजर आ रहा है. कभी स्त्री को देखकर तो कभी सरकटे को देखकर.

स्त्री 2 को सिनेमाघरों पर 15 अगस्त को रिलीज किया गया था. इस फिल्म के साथ अक्षय कुमार की खेल खेल में और जॉन अब्राहम की वेदा रिलीज हुई थी. दोनों ही बड़े स्टार की फिल्मों को स्त्री 2 ने पीछे छोड़ दिया था. पहले दिन ही कलेक्शन के मामले में ये फिल्में स्त्री 2 से कोसो दूर थीं. उसके बाद से अब तक सिनेमाघरों में जितनी भी फिल्में रिलीज हुई हैं वो स्त्री 2 को मात नहीं दे पाई हैं.

# आदिपर्वम से मंचू लक्ष्मी का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी

राउला वेंकटेश्वर राव द्वारा प्रस्तुत, आदिपर्वम का निर्माण अन्विका आर्ट्स बैनर के तहत एआई एंटरटेनमेंट के सहयोग से किया गया है। इस फिल्म में मांचू लक्ष्मी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण भूमिका आदित्यम ओम ने निभाई है। निर्देशक संजीव मेगोती फिल्म आदिपर्वम बना रहे हैं जो मुख्य रूप से एर्रागुडी की पृष्ठभूमि में अम्मावरी के आसपास बुनी गई एक आवधिक प्रेम कहानी के साथ ग्राफिक है। सेंसर प्रक्रिया पूरी होने के बाद आदिपर्वम फिल्म इस महीने की 31 तारीख को एक भव्य नाटकीय रिलीज होने जा रही है।प्रतिभाशाली अभिनेत्री मांचू लक्ष्मी ने अपने जन्मदिन पर फिल्म आदिपर्वम में अपने किरदार का पहला लुक जारी किया। उनके किरदार का फर्स्ट लुक दिलचस्प और प्रभावशाली है. मांचू लक्ष्मी एक नए रोल में दर्शकों का मनोरंजन करने जा रही हैं जो उन्होंने पहले कभी नहीं किया है.डायरेक्टर संजीव मेगोटी ने कहा– सबसे पहले मांचू लक्ष्मी को जन्मदिन की शुभकामनाएं. मैं अन्विका आर्ट्स और एआई एंटरटेनमेंट्स के सहयोग से आदिपर्वम को एक बेहतरीन फिल्म बनाकर बहुत संतुष्ट हूं। मांचू लक्ष्मी, आदित्यम ओम, शिव कंथामनिनेनी और एस्तेर नीराजना कहने वाले लोगों के पात्र हैं। उनका प्रदर्शन यादगार है. मैंने यह फिल्म 1974–90 के बीच हुई वास्तविक घटनाओं के संग्रह के रूप में बनाई है। यह फिल्म अम्मोरू और अरुंधति फिल्मों की तरह ही बुरी शक्ति और दैवीय शक्ति के बीच की लड़ाई है। हाल के दिनों में ऐसी फिल्म नहीं आई है. हमारी फिल्म में ग्राफिध्क्स को हाइलाइट किया गया है। इस महीने की 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में हमारी फिल्म आदिपर्वम देखें। कहा।कार्यकारी निर्माता घंटा श्रीनिवास राव ने कहा– हम मांचू लक्ष्मी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हैं। आदिपर्वम एक रेट्रो फील के साथ एक अच्छी प्रेम कहानी के रूप में शुरू होती है और एक पूर्ण एक्शन थ्रिलर बन जाती है जो बिना नजरें घुमाए आपको प्रभावित करती है। हमें उम्मीद है कि आप आदिपर्वम फिल्म का समर्थन करेंगे। कहा।सह–निर्माता गोरेंटा श्रावणी ने कहा– मांचू लक्ष्मी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। हमें उम्मीद है कि आदिपर्वम को तेलुगु फिल्मों में एक बेहतरीन प्रयास के रूप में सराहा जाएगा। फिल्म की टीम बहुत सहयोगी थी. आदिपर्वम एक अच्छी फिल्म होगी जो आप सभी को याद होगी. झगड़े, ग्राफिक्स आपकी सराहना के पात्र हैं। कहा। कलाकार – मांचू लक्ष्मी, आदित्यम ओम, एस्तेर, सुहासिनी, सृजिता घोष, शिव कंथमनेनी, वेंकट किरण, सत्य प्रकाश, सम्मेता गांधी, जेमिनी सुरेश, दिल्ली राजेश्वरी, हैरी जोश, जबरदस्त गद्दाम नवीन, योगी क्रांति, मधु नांबियार, बीएन शर्मा, बृंदा , स्नेहा अजित, अयोशा, ज्योति, देवी श्री प्रभु, श्रावणी, गुडा रामकृष्ण, राधाकृष्ण थेलु, रवि रेड्डी, लीलावती, दुग्गीरेड्डी वेंकट रेड्डी, श्रीराम, आदि।

# बाक्स आफिस पर देवारा के लिए चंद करोड़ कमाना हुआ मुश्किल, अब वेट्टैयन बिगाड़ेगी खेल

कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित मोस्ट अवेटेड तेलुगु एक्शन ड्रामा श्देवारा पार्ट 1च 27 सितंबर, 2024 को दुनिया भर में रिलीज हुई थी. जूनियर एनटीआर स्टारर इस फिल्म को पहले दिन दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और इसने बंपर कलेक्शन किया लेकिन फिर इसकी कमाई घटनी शुरू हुई और वीकेंड को छोड़ दें तो फिल्म वीकडेज में बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास परफॉर्म नहीं कर पाई है. अब दूसरे हफ्ते में तो श्देवारा पार्ट 1च की हालत पतली हो गई है. चलिए यहां जानते हैं इस फिल्म ने रिलीज के 13वें दिन कितना कारोबार किया है?श्देवारा पार्ट 1च में जूनियर एनटीआर, सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर ने अहम रोल प्ले किया है. इस एक्शन थ्रिलर फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर बंपर ओपनिंग हुई थी जिसके बाद लग रहा था कि ये फिल्म टिकट काउंटर पर ध्माल मचा देगी लेकिन फर्स्ट वीकेंड के बाद तो ऐसा लग रहा है कि फिल्म को जैसे किसी की नजर लग गई है. ये फिल्म उम्मीद के मुताबिक बॉक्स ऑफिस पर परफॉर्म नहीं कर पा रही है और कमाई के मामले में पिछड़ गई है. रिलीज के 13 दिन हो जाने के बाद भी 300 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म अपना बजट नहीं वसूल पाई है. ऐसे में देवारा पार्ट 1च के मेकर्स की टेंशन बढ़ी हुई है. वहीं फिल्म की कमाई की बात करें तो 82.5 करोड़ से ओपनिंग करने वाली देवारा पार्ट 1 का पहले हफ्ते का कलेक्शन 215.6 करोड़ रुपये रहा था. इसके बाद दूसरे फ्राइडे फिल्म ने 6 करोड़, दूसरे शनिवार 9.5 करोड़, दूसरे रविवार 12.65 करोड़, दूसरे सोमवार 5 करोड़ और दूसरे मंगलवार 4.65 करोड़ की कमाई की. वहीं अब श्देवारा पार्ट 1च की रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक देवारा पार्ट 1च ने रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार को 3.75 करोड़ रुपये की कमाई की है. इसी के साथ श्देवारा पार्ट 1च का 13 दिनों का कुल कलेक्शन अब 257. 15 करोड़ रुपये हो गया है.श्देवारा पार्ट 1 की बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस निराशाजनक है. फिल्म 13 दिन बाद भी अपनी लागत वसूलने से काफी दूर है. अब अगर फिल्म 300 करोड़ के पार कमाई कर लेती है तभी ये हिट कहला सकती हैं. लेकिन फिल्म की कमाई की ध्ाीमी रफ्तार देखते हुए इसके लिए ये आंकड़ा छूना अब मुश्किल लग रहा है. वैसे भी इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत स्टारर वेट्टैयन रिलीज



हो रही है. वहीं आलिया भट्ट की जिगरा और राजकुमार राव की विक्की विद्या का वो वाला वीडियो भी बड़े पर्दे पर दस्तक दे रही हैं. इन तीनों ही फिल्मों का काफी बज है ऐसे में इनकी नई मूवीज के रिलीज के चलते देवारा पार्ट 1 की स्क्रीन्स को भी बड़ा नुकसान होगा

जिसके चलते जूनियर एनटीआर की फिल्म की कमाई को तगड़ा झटका लगेगा।

## क्राप टाप और छोटा सा बैग... एयरपोर्ट पर किलर लुक में स्पाट हुई त्रिधा चौधरी, तस्वीरें वायरल

ओटीटी एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस के चलते सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज अक्सर इंटरनेट पर आते ही छा जाता है। अब हाल ही में आश्रम की बबीता को पैपराजी ने एयरपोर्ट पर स्पॉट किया। इस दौरान उनका लेटेस्ट लुक इंटरनेट पर छा गया।एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं।बता दें कि त्रिधा को बॉबी देओल की ब्लॉकबास्टर वेब सीरीज आश्रम से काफी पहचान मिली है। एक्ट्रेस ना सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि लुक्स से भी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं।हाल ही में पैपराजी ने एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी को एयरपोर्ट जाते हुए स्पॉट किया था। जहां उनका किलर लुक देखकर फैंस तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाए।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी ने व्हाइट कलर की पेंट और साथ ही क्रॉप टॉप पहना हुआ है, जिसमें वो कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज दे रहे हैं।चेहरे पर प्यारी सी स्माइल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।त्रिधा चौधरी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी ज्यादा तगड़ी है।



## दो पत्ती का पहला गाना रांझणा जारी, कृति सैनन-शाहीर शेख की केमिस्ट्री ने जीता दिल

अभिनेत्री कृति सैनन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म दो पत्ती को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म के जरिए कृति बतौर निर्माता बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। दो पत्ती कृ



ति के होम प्रोडक्शन ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स की पहली फिल्म है।इस फिल्म में दिग्गज अभिनेत्री काजोल भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं।अब दो पत्ती का पहला गाना रांझणा रिलीज हो गया है, जिसे परम्परा टंडन ने अपनी आवाज दी है।

रांझणा के बोल कौसर मुनीर ने लिखे हैं। इस गाने में कृति नशे में धुत नजर आ रही हैं, वहीं शाहीर शेख संग उनकी कमेस्ट्री ने दिल जीत लिया है।दो पत्ती सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म का प्रीमियर 25 अक्टूबर, 2024 से होने वाला है। इस फिल्म में कृति डबल रोल में नजर आएंगी।दो पत्ती के निर्देशन की कमान कनिका ढिल्लों ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित फिल्म दो पत्ती में जुड़वा बहनों की एक पेचीदा कहानी दिखाई गई है, जिसमें रहस्य छिपे हैं और एक पुलिस हत्या के प्रयास के एक मामले में सच्चाई का पता लगाने के लिए तत्पर है। कृति सेनन और काजोल के अलावा इस फिल्म में शाहीर शेख, तन्वी आजमी और बृजेंद्र काला भी हैं।

फिल्म की कहानी में काजोल को एक पुलिस अधिकारी के रूप में दिखाया गया है जो बेपरवाह कृति सेनन से पूछताछ कर रही हैं। काजोल कृति से एक रहस्य साझा करने का आग्रह करती हैं,

लेकिन कृति सवाल को टाल देते हैं और जवाब देती हैं कि एक पुलिस अधिकारी के रूप में, रहस्य को सुलझाना काजोल का काम है। कहानी में एक मोड़ जोड़ते हुए, कृति की हमशक्ल सीन में दिखाई देती है। एक धमकी भरे लहजे में वह कहती है, तुम्हारी परेशानियां दोगुनी होने वाली हैं। यह समझने में दूसरी बार की जरूरत नहीं है कि कृति सनोन दो पत्ती में दोहरी भूमिका निभा रही हैं।

## दुर्गा पूजा पंडाल में भड़क गयी एक्ट्रेस काजोल, जूते पहनकर घुसने वालों को सुनाई खरी-खोटी

सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो में काजोल को गुस्साते हुए देखा जा रहा है। किसी की ओर इशारा करते हुए अभिनेत्री ने चिल्लाते हुए कहा, ष्साइड हो जाए, आपने जूते पहने हैं। कृपया जूते न पहनें।एक्ट्रेस काजोल हमेशा दुर्गा पूजा को काफी धूमधाम से मनाती है। वह पांच दिनों तक चलने वाली पूजा को काफी श्रद्धा से मनाती है। इस समय जब दुर्गा पूजा चल रही तो काजोल पूजा उत्सव में व्यस्त हैं। सांताक्रूज में नॉर्थ बॉम्बे सर्बोजनिन दुर्गा पूजा की अभिनेत्री काजोल के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। ताजा वीडियो में काजोल को भड़ते हुए देखा जा रहा हैं। काजोल को जूते पहनकर पंडाल में घुसने वाले आगंतुकों के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए भी कैमरे में कैद किया गया। जूते में लोगों को देखकर काजोल गुस्साई और रहा कि वह दुर्गा पूजा का सम्मान करें। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो में काजोल को गुस्साते हुए देखा जा रहा है। किसी की ओर इशारा करते हुए अभिनेत्री ने चिल्लाते हुए कहा, साइड हो जाए, आपने जूते पहने हैं। कृपया जूते न पहनें। जो भी जूते पहने हुए हैं, कृपया किनारे हट जाएं। आप सभी कृपया सम्मान करें, यह पूजा है। बहुत–बहुत धन्यवाद।

# मेरे काम को लंबे समय तक याद रखा जाना चाहिए – दीपिका सिंह

जब से लोकप्रिय टेलीविजन स्टार दीपिका सिंह ने छोटे पर्दे पर काम करना शुरू किया है, उन्होंने सुनिश्चित किया है कि महिलाएं केंद्र में रहें। अभिनेत्री ने कहा कि मेरा प्रयास रहता है कि मेरे काम को लंबे समय तक याद रखा जाए।महिलाओं को केंद्र में रखकर भूमिकाएं चुनने के बारे में दीपिका ने बताया कि मैं कोई भी भूमिका लेते समय बहुत सतर्क रहती हूं और इसीलिए मैं अपनी परियोजनाओं को चुनने में समय लेती हूं। मेरे द्वारा किए जाने वाले शो या काम का प्रभाव लंबे समय तक होना चहिए और उसे वर्षों तक याद रखा जाना चाहिए।दीया और बाती हम में आईपीएस संध्या राठी का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री ने कहा, जब मैंने यह शो सुना, तो मुझे लगा कि मैं इसमें सहज रूप से फिट बैठती हूं। हालांकि यह बेहद ही चुनौतीपूर्ण था, मगर इसने मुझे इसे करने की ताकत दी। मुझे चुनौतियां पसंद हैं। मेरा किरदार मेरे लिए और ऐसी ही परिस्थितियों का सामना करने वाली सभी महिलाओं के लिए एक मजबूत संदेश है।35 वर्षीय अभिनेत्री ने मंगल लक्ष्मी के साथ वापसी की, जो छोटे पर्दे पर सबसे लोकप्रिय शो में से एक बन गया है।अभिनेत्री ने कहा, जब आप कोई शो करते हैं, तो आपको नहीं पता होता कि यह अच्छा चलेगा या नहीं। आप दृढ़ विश्वास के साथ इसमें जाते हैं और इससे सर्वश्रेष्ठ पाने की उम्मीद करते हैं। मेरे माता–पिता और मेरे ससुराल वाले धमाकेदार तरीके से वापस



आने के लिए उत्सुक थे। उनके आशीर्वाद और मेरी कड़ी मेहनत ने मुझे मेरे प्रशंसकों का प्यार दिया है, जो हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं। दीपिका ने कहा, मैं खुद को धन्य महसूस करती हूं, और मैं सभी के प्यार के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना जारी रखूंगी। किस्मत मदद करती है, लेकिन कड़ी मेहनत के बिना कोई भी चीज लोकप्रियता हासिल नहीं कर सकती। मुझे खुशी है कि हमारे प्रयास रंग ला रहे हैं।नई दिल्ली में जन्मी अभिनेत्री का दृढ़ विश्वास है कि यह शो महिलाओं को सशक्त बनाता है और उनका किरदार आज की दुनिया में गृहिणियों से संबंधित है।उन्होंने कहा, मंगल एक गृहिणी है और वह हर उस चीज के लिए खड़ी होती है, जो सही है। आज की दुनिया में महिलाएं सशक्त महसूस करती हैं, क्योंकि उनका एक हिस्सा किसी भी कामकाजी महिला जितना ही शक्तिशाली है और मंगल के इस किरदार में वह शक्ति है, ।

# शोहरतगढ़ में बालिकाओ के विशेष जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

ब्यूरो सिद्धार्थनगर –

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा–निर्देश तथा माननीय जनपद एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मनोज कुमार तिवारी अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीशध् पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्घार्थनगर द्वारा बालिकाओ के लिए विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन तहसील शोहरतगढ के पल्टा देवी मन्दिर परिसर में किया गया विशेष जागरूकता शिविर में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ सुजीत राय, नायब तहसीलदार शोहरतगढ महबूब अंसारी, विद्वान अधिवक्ता कैलाशनाथ गिरी, बाल संरक्षण अधिकारी जिला प्रोबेशन विभाग सिद्घार्थनगर श्री विवेक मालवीय, सामाजिक कार्यकर्ता जिला बाल संरक्षण अधिकारी सिद्घार्थनगर अविनाश सिंह, विधि सह परीविक्षा अधिकारी अजीत कुमार, प्रोजेक्ट को–आड्रिनेटर चाइल्डलाइन सुनील उपाध्याय, चौकी प्रभारी पल्टा देवी सुरेश यादव, मुख्य सेविका आंगनबाडी मंजू भारती, मुख्य सेविका आंगनबाडी मालती देवी के साथ महिला आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा अनेको महिलाएं एवं बालिकाएं उपस्थित रही शिविर में वक्तागणों द्वारा उपस्थित महिलाओ एवं बालिकाओ व आमजन को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 11–10–2024 की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि ष्बालिकाएँ हमारे समाज की धरोहर हैं उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए हर साल 11 अक्टूबर को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का मुख्य उद्देश्य लड़कियों के अधिकारों और उनके भविष्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है इस वर्ष की थीम "म्समअंजपदह ळपतसे' टवपबमे वित ॅनेजंपद. इसम क्मअमसवचउमदज" विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि हम लड़कियों के विकास और सशक्तिकरण के लिए क्या कदम उठा सकते हैं




लड़कियाँ समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, और उनका भविष्य केवल व्यक्तिगत विकास नहीं, बल्कि समाज और देश के विकास के लिए भी आवश्यक है। जब हम लड़कियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, और सुरक्षा की बात करते हैं, तो हमें यह समझना होगा कि उनका विकास सीधे तौर पर हमारे भविष्य से जुड़ा हुआ है साथ ही साथ इस थीम के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा, नेतृत्व और भागीदारी, समाज की भूमिका पर भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी साथ ही साथ शिविर में नालसा टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा गया कि नालसा (राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण) का टोल फ्री नंबर 15100 नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सेवा है यह नंबर विधिक सहायता, कानूनी सलाह और न्याय प्रणाली से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए उपलब्ध है कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर कॉल करके निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए सहायक है जो न्याय पाने में आर्थिक या अन्य कारणों से असमर्थ है।

# सांसद ने बाढ़ पीड़ितों को वितरित किया राहत सामग्री

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

जिले में लगातार तीसरी बार बाढ़ का प्रकोप रहा और हर बार आंशिक रूप से जनपदवासी प्रभावित रहे और बाढ़ के दौरान काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा । इस दौरान मोदी और योगी जी की सरकार ने बाढ़ पीड़ितों को हर प्रकार से यथा संभव राहत पहुंचाने का काम कर रही है यह बातें सांसद जगदंबिका पाल ने कपिलवस्तु विधानसभा के ग्राम कुसमी और सेमरा कला में राहत सामग्री वितरण करते हुए कहा जिसमें प्रशासन की भूमिका भी सराहनीय रही राहत वितरण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कहा कि राजस्व टीम के द्वारा लगातार नागरिकों के नुकसान का आकलन कराकर उनके नुकसान की भरपाई भी की जा रही है। सांसद जगदम्बिकापाल ने देर रात्रि तक लोगों में राहत सामग्री का वितरण किया और उन्होंने कहा कि आप लोग चिंतित ना हो हर कदम पर आपका सांसद आप लोगों के साथ है इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ,खंड विकास अधिकारी जोगिया, राजस्व निरीक्षक ,लेखपाल सहित सांसद प्रतिनिध एस पी अग्रवाल, चिल्हिया मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी, दिलीप सिंह, अमरेंद्र पाल प्रिंस, अखंड पाल, जहीर आदि लोग मौजूद रहे



# लकड़ी बीनने गई महिला का दो दिन बाद जंगल में मिला शव, परिजनों में कोहराम

## 'घटना की जांच पड़ताल कर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव में गुरुवार की शाम दो दिन से लापता 58 वर्षीया महिला का शव खैरहिया जंगल में मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। मड़वा धनावल गांव निवासी राम गोविंद मौर्य उर्फ गोदमनि की 58 वर्षीया पत्नी छोटकी मौर्या मंगलवार सुबह दस बजे के करीब घर से सूखी लकड़ियां लेने के लिए पास स्थित खैरहिया जंगल की ओर गई थी। शाम तक घर नही लौटने पर पति रामगोविन्द ने काफी खोजबीन की लेकिन पत्नी का पता नही चला। गुरुवार को जंगल में मवेशियों को चराने के लिए चरवाहों ने छोटकी मौर्या का शव देखा तो महिला के पति को सूचना दी। चरवाहों के साथ शाम को रामगोविन्द खैरहिया जंगल पहुंचा जहां पत्नी को मृत अवस्था में देखकर रोने बिलखने लगा। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अरविंद सरोज एस आई भरत राय, अवधेश कुमार सिंह,हेड कांस्टेबल मूलचंद वर्मा खैरहिया जंगल पहुंचें। थानाध्यक्ष ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृत महिला राम गोविंद की दूसरी पत्नी थी।मृतका निःसंतान थी। अपने जेठ के लड़के संतोष को गोद लिया। घर में संतोष की पत्नी बुधनी देवी मृतका और उसके पति की देखभाल करती थी संतोष रोजगार की तलाश में मुंबई गया है। परिजनों और ग्रामीणों ने महिला को किसी जहरीले जंतु के काटने की आशंका जताई है।थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि महिला जंगल में सूखी लकड़ियां बीनने गई थी संभवतः किसी जहरीले जंतु के काटने से मौत हो गई है।

# जमीनी विवाद में अधेड़ की हुई मौत, गांव में मचा हड़कंप

मीरजापुर। मड़िहान थाना क्षेत्र के ममरी गांव में जमीनी विवाद में बृहस्पतिवार की रात दो पक्षों में मारपीट हुई जिसमें एक पक्ष से दो लोगों को चोट आई जिसमें एक का इलाज के लिए अस्पताल पहुंचने पर इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और इस मामले के विवाद में पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में मृतक के पुत्र राज बहादुर यादव ने आरोप लगाया कि उनके पिताजी धर्मराज यादव 55 वर्ष बृहस्पतिवार शाम को अपने दरवाजे पर बैठे थे तभी गांव के शमशेर मोर्य पुत्र सुखदेव मौर्य मेरे घर आए और पिताजी से बोला कि चलो शिव शंकर मौर्य के घर चारागाह की जमीन के बारे में बात करना है तो मेरे पिताजी उसके साथ चले गए पीछे–पीछे मैं भी मोटरसाइकिल से गया तो वहां देखा कि पहले से दूधनाथ मौर्य पुत्र ननकू मौर्य दिनेश मौर्य पुत्र शिव शंकर मौर्य विवेक पटेल पुत्र अवधेश पटेल संदीप शर्मा पुत्र संतोष शर्मा आदि लोग बैठे थे तभी दूधनाथ मौर्य ने सभी को ललकारते हुए कहा कि मारो इसको जिस पर सभी लोगों ने मिलकर मेरे पिता की पिटाई कर दी जिससे वह बेहोश हो गए शोरगुल सुनकर मेरा भाई विजय बहादुर देखा तो मेरे पिताजी को सभी लोग मर रहे थे बीच बचाव करने लगा तो मुझे भी मारपीट कर घायल कर दिए। इसकी सूचना हमने पुलिस को दी और एंबुलेंस बुलाकर घायल अवस्था में पिताजी को मड़िहान अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने मेरे पिताजी को मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि ममरी गांव में जमीनी विवाद में दो पक्षों में झगड़ा हुआ जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई पुलिस मामले की छानबीन कर रही है पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। 'चारागाह की जमीन एवं अवैध कब्जा बना विवाद का कारण' मड़िहान थाना क्षेत्र के ममरी गांव में बृहस्पतिवार को व्यक्ति की मृत्यु का कारण चारागाह की जमीन एवं लोगों की जमीन पर अवैध कब्जा करना मुख्य कारण बना। मृतक धर्मराज यादव मूल रूप से देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के खुटहा गांव का निवासी था सन 1993 में वह वहां से मड़िहान थाना क्षेत्र के ममरी गांव में 5 बीघा जमीन खरीद कर बसा और जहां जमीन लिया उसी के बगल में 18 बीघा चरागाह की जमीन थी जिस पर वह अपना घर बना लिया और लगभग चार बीघे चारागाह की जमीन पर कब्जा करके उस पर अपना गाय भैंस बाधने लगा साथ ही उसकी जोत की जमीन के बगल में देवपुरा गांव के खदेरू हरिजन का तीन बीघा जमीन था ममरी गांव के ही शिव शंकर मौर्य का दो बीघा और देवपुरा गांव के संतोष शर्मा का ढाई बीघा जमीन था उन सभी जमीनों पर भी इसने अपना कब्जा कर रखा था यह लोग कई बार तहसील प्रशासन से गुहार लगाई मगर शासन सत्ता में इसकी पहुंच होने के कारण तहसील कर्मी भी उसी की करके चले जाते थे यही विवाद कई वर्षों से चला रहा आ रहा था जो की बृहस्पतिवार को उसके मृत्यु का कारण बना। यदि तहसील प्रशासन ने यह मामला पहले ही संज्ञान में ले लिया होता तो शायद यह घटना ना होती।

# विन्ध्य महोत्सव के मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का अध्यक्ष नगर पालिका ने दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारम्भ

मीरजापुर। मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में चल रहे शारदीय नवरात्र मेला के दौरान स्थानीय रोजवेज परिसर में उत्तर प्रदेश विन्ध्य तीर्थ विकास परिषद पर्यटन, संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित नव दिवसीय विन्ध्य महोत्सव–2024 के नौवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ मां विन्ध्यवासिनी देवी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी ने किया। तत्पश्चात अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कनौजिया व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी के द्वारा मंच पर कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले दलो के कलाकारो को देवी चित्र, चुनरी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमो में मीरजापुर खोखा मिर्जापुरी लोकगीत, सरोज देवी, शिवम कुमार लोकगीत, फगुनी देवी देवीगीत, सुनीता चौधरी देवीगीत, पांचू लाल लोकगीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्धा किया गया। लखनऊ की लोकगायिका संजू सिंह के द्वारा देवीगीत की प्रस्तुति की गई। कानपुर के बंसल बधु के द्वारा राम मन्दिर निर्माण के 500 वर्षो के इतिहास पर गायन की प्रस्तुति की गई। वाराणसी की रंजना राय ने देवीगीत, लखनऊ की सपना सिंह ने नृत्य नाटिका दुर्गा पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। लखनऊ ध्रुव इंटरटेंमेट के द्वारा अमर शहीदो के जीवन पर नाटक की प्रस्तुति कर लोगो का मनोरंजन कराया। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र तिवारी उर्फ लल्लू तिवारी, संजय श्रीवास्तव, रक्षा उमर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, डिप्टी कलेक्टर शक्ति प्रताप सिंह के अलावा अन्य सम्बन्धित अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नगर क्षेत्र में किया पैदल भ्रमण

## विभिन्न पण्डालों में स्थापित दुर्गा पूजा की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

मीरजापुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के साथ दुर्गापूजा व दशहरा पर्व को सकुशल एवं निर्बाधा रुप से सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर नगर क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त,भ्रमण किया गया। नगर क्षेत्र भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर स्थापित दुर्गा प्रतिमा, पण्डालों का भ्रमण कर सुरक्षा–व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आयोजको से वार्ता कर सुरक्षा मानकों के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। आयोजको को पण्डाल की सुरक्षा हेतु फायर एक्सटिंग्यूशर पानी व बालू से भरी बाल्टी के समुचित प्रबंध के निर्देश दिए गए। नगर क्षेत्र में पैदल गश्त के दौरान सड़क के किनारे दुकानदारों द्वारा किये गये अतिक्रमण को यथाशीघ्र हटाने हेतु निर्देश दिए गये। जिलाधिकारी ने विभिन्न पूजा पंडालो में स्थापित दुर्गा पूजा प्रतिमाओं की सुरक्षा व्यवस्था से लेकर अन्य आवश्यक दिशा निर्देश संबंधितों को देते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार की नई परंपरा का प्रचलन नहीं होना चाहिए। शांति सौहार्द के साथ–साथ आस्था के नाम पर किसी प्रकार का खिलवाड़ या माहौल बिगाड़ने जैसी स्थिति ना हो इसके लिए निरंतर प्रशासन सक्रिय है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन ओम प्रकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर अमर बहादुर, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की 122वीं जयंती पर कायस्थ समाज द्वारा आयोजित की गई गोष्ठी

मीरजापुर। शहर के मध्य वासलीगंज स्थित श्री साईं इन्फोटेक पर सम्पूर्ण क्रांति के जनक, लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी, भारत रत्न, लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की 122वीं जयंती पर कायस्थ समाज द्वारा गोष्ठी का आयोजन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे डॉ शक्ति श्रीवास्तव ने कहा कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती हैष का उद्घोष करने वाले लोकनायक की जयंती पर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थित उनके स्मारक पर ताला लगवा कर पुलिसिया घेराबंदी करते हुए किसी को भी उनकी प्रतिमा तक न पहुंचने देने का सत्ताधारी दल का संकल्प भी एक प्रकार की तानशाही में ही आता है और किसी भी प्रकार की तानाशाही का विरोध करने वाले लोकनायक के सच्चे अनुयायी इस घृणित कृत्य की घोर निन्दा करते हुए प्रत्येक जनपद व नगर में आज जयप्रकाश नारायण जी की जयंती का आयोजन कर रहे हैं। गोष्ठी का संचालन कर रहे अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (युवा संभाग) के प्रदेश सचिव शिवम श्रीवास्तव ने कहा कि जयप्रकाश नारायण जी देश के एक ऐसे महानायक थे, जिन्होंने भारतीय राजनीति को बुनियादी रूप से प्रभावित किया तथा राजसत्ता को सुधारने का बीड़ा उठाकर सक्रिय राजनीति में लिप्त रहते हुए भी व्यक्तिगत स्तर पर सदैव सत्ता सुख को ठुकराने का कार्य किया। इस अवसर पर उपस्थित कायस्थ जनों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन करते हुए मनोज चित्रांश ने कहा कि लोकनायक जी के शब्दों से सही मायने में युग की सच्ची वाणी मुखरित हुई। लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के उक्त जयंती समारोह में मुख्य रूप से डॉ. शक्ति श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव,

मनोज श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव, रजत श्रीवास्तव, एड. सुधांधु श्रीवास्तव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, दिव्यांश श्रीवास्तव, आयुष श्रीवास्तव, यश शेखर, समर्थ श्रीवास्तव, श्रेष्ठ शेखर, दीपक श्रीवास्तव व राघव जी इत्यादि शामिल रहे।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट, महिला सहित चार घायल

## 'दोनों पक्षों की तहरीर पर सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में गुरुवार की रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्ष से महिला सहित चार लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने शुक्रवार शाम सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जिसमें प्रथम पक्ष के इंद्रेश यादव, रामबली यादव व उनकी पत्नी ज्ञानवती यादव घायल हो गई। वहीं द्वितीय पक्ष के अखिलेश यादव घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों का पीएचसी हलिया में उपचार करवाया। पुलिस ने इंद्रेश यादव की तहरीर पर हृदय नारायण यादव, दिनेश यादव, बबलू व अखिलेश यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं अखिलेश यादव की तहरीर पर इंद्रेश यादव, रामबली यादव, हीरालाल यादव के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2) व 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अरविंद सरोज ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में दोनों पक्षों की तहरीर पर सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# पुलिस ने जप्त किए चार कुंतल अवैध पटाखे

सोनभद्र(आरएनएस)। दशहरा और दिपावली त्योहारो के लिए पटाखे की खूब बिक्री होती है इसी को देखते हुए नगर में घनी आबादी के बीच अवैध तरीके से भंडारित पटाखे की बड़ी खेप पुलिस ने बरामद की है। मौके से करीब चार क्विंटल पटाखे मिले है। इसे जब्त कर पुलिस छानबीन में जुट गई है। गुरूवार को सीओ सीटी डॉ चारू द्विवेदी को मुखबिर ने गनर के मध्य अवैध तरीके से पटाखा भंडार होने की सूचना दी। सीओ के निर्देशन में सदर कोतवाल सत्येन्द्र राय फोर्स के साथ अम्बेडकर मोहल्ल में पहुंच। यहां मकान के अंदर पटाखे रखे गए थे। भंडार का कोई लाइसेंस भी नहीं था। जिस जगह पटाखा रखा गया था। उसके चारों तरफ घनी आबादी थी। वहीं रास्ते एसे थे। जहां आपात स्थिति में पुलिस व फायर बिग्रेड का वाहन पहुंचने में भी दिक्कत होती है। पुलिस ने सारा माल जब्त कर जिया। इसे कोतवाली लाकर छानबीन शुरू कर दी है। कोतवाल सत्येंद्र राय ने बताया कि मौके से करीब चार क्विंटल पटाखे मिले हैं। इसे अवैध तरीके से भंडारित किया गया था। पूरा माल जब्त कर जांच की जा रही है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अभी यह स्पष्ट नहीं कि बरामद माल किसका है। केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। बता दे कि जिले में पटाखा कारोबार के लिए कुल 16 लोगों को लाइसेंस जारी किए गए हैं। हर लाइसेंसी को यह हिदायत दी गई है कि वह पटाखों का भंडारण आबादी वाले क्षेत्र से दूर करें। वहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम हर वक्त मौजूद रहें। साथ ही आवागमन, पानी सहित अन्य सुविधाएं भी रखी जाए। बावजूद इसके कई लाइसेंस का उल्लंघन कर रहे हैं।

# कुएं में मिला वृद्ध का शव

म्योरपुर/सोनभद्र(आरएनएस)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सुपाचूआ गांव में कुआ में वृद्ध का शव देख पानी लाने गई महिला डर गई,हल्ला कर ग्रामीणों को बुला कर दिखाया,ग्रामीणों की सूचना पर ग्राम प्रधान राम नारायण गोंड मौके पर पहुंचे तथा शव होने की सूचना म्योरपुर थाने को दी,सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार सिंह व लिलासी चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने शव को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकलवाया,शव निकाले जाने पर मृतक की पहचान गांव के ही इंद्र मन पुत्र जगमोहन 60 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस ने पचनामा भर शव को सील कर अंत्यपरीक्षण के लिए दुद्धी भेज दिया। परिजनों ने बताया कि रात्रि में भोजन के बाद इंद्र मन गांव में हो रही रामलीला देखने गया था,संभावना जताई कि वापसी के दौरान अंधेरा होने व बढ़ी हुई घास के कारण जगत विहीन कुआ न दिखने से वह कुएं में गिर गए।

# हवन–पूजन के साथ नवरात्र सम्पन्न

## श्रद्धालुओ ने की कन्या पूजन, मां के दर्शन को उमड़ी रही भक्तों की भीड़

सोनभद्र(आरएनएस)। अधिष्ठात्री मां दुर्गा की नवीं शक्ति सिद्धिदात्री की आराधना एवं हवन–पूजन के साथ शारदीय नवरात्र शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। दुर्गा पूजा पण्डालों तथा अन्य जगहों पर दी गई आहूतियां समूचे वायु मण्डल को सुगंधित बना दिया। घंटा–घड़ियालों व शंखों की गूज जहां गुंजती रही वहीं हवन कुण्ड से निकल रही सुगंध से पूरा वातावरण गमगीन हो गया। इस अवसर पर दुर्गा पण्डालों में भक्तो की भारी भीड़ रही। तमाम स्थानों पर भण्डारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ती तादात में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। घरों में भी हवन–पूजन अनुष्ठान के अलावां माता के भक्तों ने कन्या पूजन अर्थात् नव देवियों का पूजन कर भोजन कराया। नवमी के दिन मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। शक्ति साधना पूजन के दिनों में लोगों ने अपने–अपने तरीके से व्रतों का पूजन किया। साथ ही लोगों द्वारा देवी को प्रसन्न करने के लिए तमाम चढ़ावे व सामग्री भी चढ़ाई गयी। विदित हो कि नवरात्र से नवमी तक शक्ति आराधना व अनुष्ठानों से जनपद का गली–गली, कोना–कोना 'या देवी सर्वभुतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता, नमस्तस्य, नमस्तस्यै नमो नमः के मंत्रों से गुंजायमान रहा।

## हवन–पूजन,कन्या भोज व भव्य भंडारे के साथ हुआ नवरात्रि महापर्व का समापन

बीजपुरध्सोनभाद्र (आरएनएस)। शारदीय नवरात्र महापर्व के समापन के अवसर पर नवमी तिथि को क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में हवन पूजन कन्या भोज के पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण कर पूण्य के भागीदार बनें। क्षेत्र के दुधाहिया देवी मंदिर बीजपुर बाजार सब्जी मंडी,एनटीपीसी शिव मंदिर समेत विभिन्न पूजा पंडालों में नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी तिथि शुक्रवार को विधि विधान पूर्वक हवन,कन्या पूजन व कन्या भोज के पश्चात पूजा समितियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का कार्यक्रम दोपहर 1रू00 बजे से देर शाम तक चलता रहा जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा मय फोर्स सभी पूजा पंडालों का निरीक्षण करते रहे बीजपुर बाजार स्थित सब्जी मंडी में स्थापित पूजा पंडाल में कार्यक्रम का संचालन धनंजय कुमार ने किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्त,उपेंद्र प्रताप सिंह,विनोद गर्ग,रविन्द्र गुप्ता,मुन्ना प्रसाद योगेंद्र चौबे,नागेंद्र सिंह,प्रेमचंद गुप्ता,सीताराम शर्मा,युगल किशोर तिवारी,जसवंत सिंह,लल्लन सिंह वहीं दुधहिया देवी स्थित पूजा पंडाल में अध्यक्ष इंद्रदेव सिंह,शिवधारी गुप्ता, कमलेश गुप्ता समेत पूजा समिति के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी तन्मयता के साथ भंडारे को सफल बनाने में लगे रहे।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।